प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



जेपी नड्डा-बतौर अध्यक्ष बड़ी लकीर खींचने में रहे सफल पेज- 2

अस्ती प्रीमियर लीग का बसपा नेता ने किया शुभारंभ पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 31 | सोमवार 19 जनवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर का पीएम मोदी ने किया शिलान्यास

### कहा- 'विकास भी, विरासत भी' भाजपा की पहचान

(एजेंसी) कालियाबोर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के काजीरंगा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग– 715 के कालियाबोर, नुमालीगढ़ सेक्शन की 4–लेनिंग परियोजना, काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने काजीरंगा से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए असम की सांस्कृतिक विरासत, विकास कार्यों और भाजपा सरकार की नीतियों पर विस्तार से बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दो वर्ष पहले काजीरंगा में बिताए गए पल उनके जीवन के सबसे खास अनुभवों में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि काजीरंगा नेशनल पार्क में रात्रि विश्राम और अगली सुबह एलिफेंट सफारी के दौरान उन्होंने इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को बेहद करीब से महसूस किया। उन्होंने कहा कि असम आकर उन्हें हमेशा एक अलग तरह की खुशी मिलती है। यह धरती वीरों की धरती है और हर क्षेत्र में प्रतिभा दिखाने वाले बेटे–बेटियों की भूमि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष वे झुमोइर महोत्सव में शामिल हुए थे और इस बार माघ बिहू के



अवसर पर असम आने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं के लिए लगातार यहां आने से भाजपा सरकार के 'विकास भी, विरासत भी' मंत्र को और मजबूती मिली है। राजनीतिक संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भाजपा पूरे देश में लोगों की पहली पसंद बन चुकी है। बीते एक–डेढ़ वर्षों में पार्टी पर देश का भरोसा लगातार बढ़ा है। उन्होंने बिहार चुनावों का उल्लेख करते हुए कहा कि 20 वर्षों बाद भी वहां जनता ने भाजपा को रिकॉर्ड वोट और सीटें दी हैं। इसके साथ ही महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मुंबई जैसे देश के सबसे बड़े नगर निगम में पहली बार भाजपा को रिकॉर्ड जनादेश मिला है। उन्होंने कहा, "जीत मुंबई में हो रही है और जश्न काजीरंगा में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के सभी चुनाव परिणामों का संदेश साफ है–देश का मतदाता आज गुड गवर्नेंस और विकास चाहता है। वह विकास के साथ–साथ विरासत पर भी फोकस करता है, इसलिए भाजपा को चुनता है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि देश कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को लगातार नकार रहा है। जिस मुंबई शहर में कांग्रेस का जन्म हुआ, वहां आज वह चौथे या पांचवें नंबर की पार्टी बनकर रह गई है। पर्यावरण संरक्षण पर बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब प्रकृति सुरक्षित होती है, तो उसके साथ अवसर भी पैदा होते हैं। काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ी है, जिससे होम स्टे, गाइड सेवाओं, परिवहन, हस्तशिल्प और छोटे व्यवसायों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को नए रोजगार के अवसर मिले हैं। उन्होंने असम सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक समय काजीरंगा में राइनो के शिकार की घटनाएं बड़ी चिंता थीं। 2013–14 में दर्जनों एक सींग वाले राइनो मारे गए थे, लेकिन भाजपा सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया, वन विभाग को आधुनिक संसाधन दिए और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई। इसका परिणाम यह रहा कि 2025 में राइनो के शिकार की एक भी घटना सामने नहीं आई। नॉर्थ ईस्ट के विकास पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र की सबसे बड़ी पीड़ा दूरी की रही है–दिलों की दूरी और स्थानों की दूरी। दशकों तक यहां के लोगों को लगता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने इस भावना को बदला और नॉर्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता दी। रोडवेज, रेलवे, एयरवेज और वाटरवेज के जरिए असम को देश से जोड़ने का काम तेजी से किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में असम को जहां लगभग 2000 करोड़ रुपये का रेल बजट मिलता था, वहीं भाजपा सरकार ने इसे बढ़ाकर लगभग 10,000 करोड़ रुपये सालाना कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर जैसी परियोजनाएं न केवल यातायात को सुगम बनाएंगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्रीय विकास को भी नई दिशा देंगी।

## भागवत बोले, धर्म ही मुझे और मोदी को चला रहा,जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा

(एजेंसी) मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) चीफ मोहन भागवत ने कहा कि धर्म ही मुझे और नरेंद्र मोदी को धर्म ही चला रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को कंट्रोल करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने संतों और ऋषियों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। जब तक ऐसा धर्म भारत को चलाएगा, वह विश्वगुरु बना रहेगा। भागवत ने ये बातें रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित जनसभा में कहीं। सृष्टि बनने के बाद उसके संचालन के नियम ही धर्म बने और सब कुछ उन्हीं नियमों पर चलता है। दुनिया में आध्यात्मिकता की कमी है, इसलिए ऐसा ज्ञान वहां नहीं मिलता। धर्म सिर्फ पूजा–पाठ तक सीमित नहीं है।



प्रकृति की हर चीज का अपना कर्तव्य और अनुशासन होता है। कोई राज्य धर्मनिरपेक्ष हो सकता है, लेकिन कोई व्यक्ति या रचना धर्म के बिना नहीं हो सकती। जातिगत भेदभाव पर बात करते हुए भागवत ने कहा कि इसे खत्म करने के लिए मन से जाति को मिटाना होगा। पहले जाति काम और पेशे से जुड़ी थी, लेकिन बाद में यह भेदभाव का कारण बन गई। भागवत ने कहा कि आरएसएस का लक्ष्य समाज के साथ मिलकर भारत को उसके सर्वोच्च गौरव तक ले जाना है। संघ व्यक्ति के चरित्र निर्माण के जरिए राष्ट्र निर्माण करता है। आरएसएस न किसी से प्रतिस्पर्धा करता है और न ही किसी प्रतिक्रिया में बना संगठन है। संघ खुद बड़ा नहीं बनना चाहता, बल्कि पूरे समाज को आगे बढ़ाना चाहता है। जो लोग संघ को समझना चाहते हैं, उन्हें उसकी शाखाओं में आना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी (लोकल) सामान के इस्तेमाल करने की अपील करते हुए कहा कि जहां तक हो सके, देश में बना हुआ सामान ही खरीदेंझ महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक हिंदू सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भारत इंटरनेशनल ट्रेड कर रहा है, लेकिन किसी देश के दबाव में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कोई देश टैरिफ लगाए या दबाव बनाए, भारत ने आत्मनिर्भर बनने का रास्ता चुन लिया है और उसी पर चलना चाहिए।

## माघ मेला: मौनी अमावस्या पर किन्नर अखाड़े ने की जबरदस्त एंट्री, संगम में लगाई पावन डुबकी

(एजेंसी) प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगे माघ मेले में आज मौनी अमावस्या के मौके पर किन्नर अखाड़े ने जबरदस्त एंट्री की है। महाकुंभ के बाद यह पहला मौका है जब अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में किन्नर संत गंगा स्नान करने के लिए संगम पहुंचे। किन्नर संत हाथों में त्रिशूल व डमरू व शरीर पर भगवा वस्त्र धारण कर जय श्री राम का उद्‌घोष करते हुए किन्नर संतों ने स्नान किया। गोरखपुर की महामंडलेश्वर कनकेश्वरी नंद गिरि ने शंखनाद किया। इस मौके पर किन्नर अखाड़ा के संरक्षक दुर्गादास महराज, यूपी की अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणी नंद गिरी अध्यक्ष, सचिव, झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर राजेश्वरी नंद गिरि, अमरजीत, पंजाब की अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी वामदेव, उडीसा की अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी मीरा नंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी देवांशी नंद गिरि सचिव, गुजरात की अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी गिरनारी नंद गिरि अध्यक्ष, सहित किन्नर अखाडा के बडी संख्या मे संत, शिष्य शामिल रहे। लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने कहा कि माघ मास में तीर्थराज प्रयागराज में गंगा स्नान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने माघ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की बढती हुई भीड को देखकर कहा कि भीषण ठंड है। कोहरा है और तेज हवा चल रही है लेकिन उसके बाद भी देश, विदेश के करोड़ों श्रद्धालु और स्नानार्थी अक्षय पुण्य के लिए गंगा और संगम स्नान कर रहे हैं। इससे सनातन धर्म समृद्ध और विकसित हो रहा है, इसमें हमारी युवा पीढ़ी का विशेष योगदान है।

## सीएम योगी ने की यूपी हेल्थ टेक कॉन्क्लेव की शुरुआत

### कहा- स्वास्थ्य के क्षेत्र में यूपी सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार उत्तर प्रदेश है। चिकित्सा प्रौद्योगिकी एवं स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश, नवाचार और वैश्विक सहयोग के लिए यहां आयोजित तीन दिवसीय यूपी हेल्थ टेक कॉन्क्लेव की शुरुआत करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, हमारे लिए यह सम्मेलन इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस क्षेत्र का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार उत्तर प्रदेश है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है और उसके साथ ही अगल–बगल के राज्य तथा पड़ोसी देश नेपाल की भी स्वास्थ्य सुविधाओं का भार इस प्रदेश पर पड़ता है।



उन्होंने 2014 में देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने और 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों का दावा करते हुए कहा कि इस राज्य ने भारत सरकार के साथ मिलकर पिछले आठ–नौ वर्षों के अंदर स्वास्थ्य क्षेत्र में परिवर्तन करने में व्यापक सफलता प्राप्त की है। स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को बेहतर करने का प्रयास किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सरकारी और निजी क्षेत्र को मिलाकर कुल 40 मेडिकल कालेज थे और आज उत्तर प्रदेश में 81 मेडिकल कालेज पूरी तरह क्रियाशील हैं, दो एम्स हैं, लगभग जिला स्तर के 100 से अधिक अस्पताल हैं, जो सरकार द्वारा संचालित होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) और वेलनेस सेंटर की लंबी श्रृंखला है जो दूर दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में व्यापक परिवर्तन और सुविधा मजबूत होने के साथ ही अकेले उत्तर प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी किए गए और उनके लाभार्थियों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में इस परिवर्तन का परिणाम है कि मृत्यु दर को नियंत्रित करने और संस्थागत प्रसव को राष्ट्रीय मानक के अनुरूप लाने में सफलता प्राप्त कर ली गयी है।

## कर्नल सोफिया के खिलाफ टिप्पणी, एमपी के मंत्री विजय शाह की याचिका पर सोमवार को हो सकती है सुनवाई

(एजेंसी) नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की उस याचिका पर सुनवाई होने की संभावना है, जिसमें उन्होंने भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने के आरोप में खुद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ द्वारा मंत्री की याचिका पर सुनवाई किए जाने की संभावना है। मंत्री ने अपनी टिप्पणियों पर खेद व्यक्त किया है। उच्चतम न्यायालय ने 28 जुलाई 2025 को कर्नल कुरैशी के खिलाफ अपनी टिप्पणियों पर सार्वजनिक रूप से माफी न मांगने के लिए शाह को फटकार लगाई थी और कहा था कि वह अदालत के धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। शाह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने तर्क दिया था कि मंत्री ने सार्वजनिक रूप से माफीनामा जारी किया है, जिसे ऑनलाइन साझा किया गया था और इसे अदालत के रिकॉर्ड में रखा जाएगा। शीर्ष



अदालत ने तब कहा था, ऑनलाइन माफी क्या होती है? हमें उनकी मंशा और ईमानदारी पर संदेह होने लगा है। आप माफी को रिकॉर्ड पर रखें। हमें इसे देखना होगा। उसने मंत्री के बयानों की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को 13 अगस्त 2025 तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था। एसआईटी का एक अधिकारी सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट लेकर अदालत में पेश हुआ। पीठ ने कहा था कि शाह के बयानों के बजाय उन लोगों के बयान दर्ज किए जाने चाहिए थे जिनकी भावनाएं आहत हुई थीं। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल 28 मई को कर्नल कुरैशी के खिलाफ शाह की विवादास्पद टिप्पणियों के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही बंद करने का आदेश दिया और एसआईटी से स्थिति रिपोर्ट मांगी थी। इससे पहले, उच्चतम न्यायालय ने शाह को फटकार लगाई थी और उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। एक वीडियो वायरल होने के बाद शाह आलोचनाओं के घेरे में आ गए थे, जिसमें उन्हें कथित तौर पर कर्नल कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए देखा गया था। कुरैशी ने एक अन्य महिला अधिकारी विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर पर मीडिया ब्रीफिंग के दौरान देश भर में प्रसिद्धि हासिल की थी। उच्च न्यायालय ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने के लिए शाह को फटकार लगाई और पुलिस को उनके खिलाफ शत्रुता व नफरत को बढ़ावा देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया।

## कौन बनेगा बीएमसी का मेयर? राजनीतिक हलचल तेज

### – एकनाथ शिंदे ने खेला दांव

(एजेंसी) मुंबई। मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव परिणामों के बाद अब सत्ता के समीकरणों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने इस बार किसी भी स्थिति में मुंबई पर अपना मेयर बिठाने का संकल्प लिया था। 89 सीटें जीतकर बीजेपी इस सपने के करीब भी पहुंच गई है, लेकिन सत्ता की चाबी अब उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों में नजर आ रही है। सूत्रों के अनुसार, एकनाथ शिंदे ने भाजपा की मजबूरी को भांपते हुए एक बड़ा राजनीतिक दांव खेला है। खबर है कि शिंदे गुट की ओर से मुंबई के मेयर पद की मांग की जा सकती है। तर्क यह दिया जा रहा है कि यह वर्ष बालासाहेब ठाकरे का जन्मशताब्दी वर्ष है।शिंदे गुट इस मौके पर बालासाहेब की इच्छा पूरी करने का हवाला देते हुए भाजपा से ढाई साल के लिए मेयर पद की मांग कर सकता है। इसके अलावा, स्थायी समिति के अध्यक्ष पद और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी शिंदे सेना अपना दावा ठोक सकती है।बीएमसी में बहुमत के लिए 114 पार्षदों की आवश्यकता है। वर्तमान स्थिति के मुताबिक, भाजपा की 89 सीटें, शिंदे सेना की 29 सीटें, ठाकरे गुट की 65 सीटें और मनसे की 6 सीटें हैं। भाजपा के पास 89 सीटें हैं, लेकिन बिना शिंदे गुट के 29 पार्षदों के वह बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर सकती। इसी बढ़त का फायदा उठाकर अब शिंदे सेना सौदेबाजी की तैयारी में है।एकनाथ शिंदे ने कल ही अपने सभी 29 नवनिर्वाचित पार्षदों को बांद्रा के श्ताज लैंड्स एंडश होटल में शिफ्ट कर दिया है। सत्ता स्थापना की प्रक्रिया पूरी होने तक ये सभी पार्षद वहीं रहेंगे। शिंदे के इस कदम ने राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है और इसे भाजपा पर दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। मेयर पद को लेकर मचे घमासान पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमें पूर्ण बहुमत मिला है। ऊपर वाले ने ही तय किया है कि मुंबई में महायुति का ही मेयर बनेगा। शिंदे साहब और हम साथ बैठकर सब तय करेंगे और मुंबई को बेहतर तरीके से चलाएंगे। पार्षदों को होटल में रखने के सवाल पर फडणवीस ने कहा कि जैसे हमने अपने पार्षदों को साथ बुलाया, वैसे ही उन्होंने भी किया होगा। अब हमें तोड़–फोड़ की कोई जरूरत नहीं है। मुंबई में मेयर पद को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राउत का कहना है कि भाजपा–शिंदे अलायंस से जीते हुए कॉरपोरेटर्स को डराकर ताज होटल में कैद रखा गया है। मीडिया से बातचीत में संजय राउत ने कहा, इस गठबंधन (भाजपा–शिवसेना) से जीतकर आए कॉरपोरेटर्स को इस डर से होटल में बंद कर दिया गया है कि कोई उन्हें उठा ना ले, धमका ना दे या नुकसान ना पहुंचा दे। एकनाथ शिंदे ने ताज होटल को जेल बना दिया है। वहां रखे गए 25 से 29 लोगों को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए।इधर, सकता है, लेकिन निष्ठा कभी नहीं बिकती।" उन्होंने आगे कहा, "मेयर बनना हमारा सपना है। अगर ईश्वर की इच्छा होगी तो वह भी पूरा होगा। गद्दारी से मिली



उद्धव ठाकरे ने शनिवार को मातोश्री पर 65 नवनिर्वाचित पार्षदों से मुलाकात की। उन्होंने कहा, "आप सब निष्ठावान हैं, तभी आज तक पैसों की ताकत के सामने नहीं झुके। भाजपा और हमारे बीच फर्क है। कागजों पर भले ही शिवसेना को खत्म करने की कोशिश की गई हो, लेकिन जमीन पर लोगों के दिलों से शिवसेना को कोई खत्म नहीं कर सकता। साम, दाम, दंड, भेद और एजेंसियों के जरिए गद्दारों को खरीदा जा जीत पाप है। हमारे पास तन और मन है, उनके पास सिर्फ धन। आने वाली पीढ़ी को गर्व होगा कि हमने पैसों के लिए सत्ता का सुख नहीं लिया और सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। कुल मिलाकर, बीएमसी में सत्ता गठन की तस्वीर आने वाले दिनों की बैठकों और पदों के बंटवारे से साफ होगी। मेयर पद, स्टैंडिंग कमिटी और अन्य प्रमुख समितियों को लेकर महायुति के भीतर खींचतान फिलहाल जारी है।"

# सम्पादकीय

## लालू परिवार में तनाव बरकरार

मकर संक्रांति यानि चूड़ा–दही के बाद बिहार की राजनीति में कई नए काम आपको देखने को मिलेंगे। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि दरअसल 14 जनवरी तक खरमास का महीना माना जाता है और इस वक्त कोई शुभ काम नहीं किया जाता है, इसलिए सभी महत्वपूर्ण कामों को मकर संक्रांति तक टाल दिया जाता है। बिहार में खरमास यानि मकर संक्रांति के



नफीस जाफरी

बाद सबसे बड़ा काम नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का विस्तार होना है। नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में अभी जनता दल यू से 9 और भाजपा से 14 मंत्री हैं। जबकि नीतिन नबीन के भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के एक जगह खाली हुई है। नीतिन नबीन के पास दो विभाग थे। जबकि चिराग पासवान की पार्टी से दो, जीतन राम मांझी और उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी से एक एक मंत्री हैं। इस लिहाज से अभी बिहार मंत्रिमंडल में 9 मंत्रियों के लिए जगह हैं। जिसमें जनता दल यू के कोटे से 6 मंत्री और भाजपा के कोटे से 3 मंत्री शपथ ले सकते हैं। बिहार मंत्रिमंडल में अधिकतम 36 मंत्री बनाए जा सकते हैं। बिहार के लिए नीतीश कुमार का यह मंत्रिमंडल विस्तार इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि किस जाति, समूह और क्षेत्र को प्राथमिकता दी जाती है। वहीं अब बात प्रमुख विपक्षी दल राजद और लालू परिवार में मचे घमासान की तो राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने छोटे भाई और बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए तंज निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह आत्ममंथन और जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया होनी चाहिए। रोहिणी आचार्य ने 'एक्स पर पोस्ट किया, "सिर्फ दिखावा करने से काम नहीं चलेगा। आत्ममंथन करना और जिम्मेदारी लेना जरूरी है।" उन्होंने यह भी लिखा कि समीक्षा तभी सार्थक होगी जब "अपने इर्द–गिर्द कब्जा जमाए बैठे चिन्हित गिद्धों को ठिकाने लगाने का साहस" दिखाया जाए। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती और समझती है। समीक्षा का दिखावा करने से ज्यादा जरूरी खुद आत्म – मंथन श करने और जिम्मेदारी लेने की है , अपने इर्द – गिर्द कब्ज़ा जमाए बैठे चिन्हित गिद्धों को ठिकाने लगाने का साहस दिखाने के बाद ही किसी भी प्रकार की समीक्षा की सार्थकता साबित होगी। दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार को लेकर तेजस्वी यादव ने बीते दिनों पार्टी के सांसदों और कोर कमेटी के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की थी। यह बैठक उनके लगभग एक महीने के विदेश दौरे से लौटने के बाद हुई, जिसमें हार के कारणों और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर इसकी जानकारी दी थी। वहीं यह कहा जा रहा है कि आरजेडी में यह टकराव नया नहीं है। चुनावी हार के बाद रोहिणी आचार्य ने पहले भी तेजस्वी यादव और उनके करीबी नेताओं पर सार्वजनिक रूप से आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि पार्टी और परिवार में उनके साथ अन्याय हुआ है तथा कुछ लोग लालू प्रसाद यादव की राजनीतिक विरासत को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लालू प्रसाद को किडनी देने के बाद चर्चा में आईं रोहिणी लोकसभा चुनाव लालू परिवार की परंपरागत सीट सारण से लड़ी थी और भारतीय जनता पार्टी के राजीव प्रताप रूडी से हार गई थीं। रोहिणी के ताजा बयान से पार्टी के भीतर चल रहे पारिवारिक और संगठनात्मक तनाव एक बार फिर सामने आ गए हैं।

## जेपी नड्डा-बतौर अध्यक्ष बड़ी लकीर खींचने में रहे सफ़ल



गुलफिशा खान

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। 19 जनवरी यानी आज नामांकन पत्र भरा जा सकेगा और एक से अधिक नामांकन होने पर 20 जनवरी को चुनाव कराया जाएगा। इस चुनाव के लिए निर्वाचन मंडल की घोषणा कर दी गई। इसमें देश भर से 5708 मतदाता हैं। पार्टी के संविधान के अनुसार यह एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। हालांकि भाजपा के इतिहास में कभी भी अध्यक्ष चुनाव के लिए मतदान की नौबत नहीं आई है। इसके बावजूद चुनाव की प्रक्रिया का पालन होता है। निर्वाचन मंडल के गठन के लिए भाजपा संविधान में कुछ आवश्यक शर्तें हैं। इसके मुताबिक भाजपा के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तब तक नहीं हो सकता जब तक कि देश के कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों (लगभग 19 राज्यों) में संगठनात्मक चुनाव पूरे न हो चुके हों। सबसे पहले बूथ स्तर, फिर मंडल, जिला और अंत में प्रदेश स्तर के अध्यक्षों का चुनाव होता है। इन चुनावों के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए इलेक्टोरल कॉलेज (निर्वाचक मंडल) तैयार होता है। इस निर्वाचन मंडल में राष्ट्रीय परिषद और प्रदेश परिषदों के सदस्य शामिल होते हैं। प्रदेश संगठन के चुनाव में परिषद के सदस्यों का चुनाव कराया जाता है। अध्यक्ष के उम्मीदवार को कम से कम 15 वर्षों तक पार्टी का सदस्य होना अनिवार्य है। नामांकन के लिए निर्वाचक मंडल के कम से कम 20 सदस्यों का समर्थन आवश्यक है। ये 20 सदस्य कम से कम 5 अलग–अलग राज्यों से होने चाहिए (जहाँ संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हों)। इच्छुक उम्मीदवार अपना पर्चा दाखिल करते हैं। नितिन नवीन के लिए प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री शाह और अन्य वरिष्ठ नेता प्रस्तावक के रूप में हस्ताक्षर करेंगे। यदि केवल एक ही नामांकन आता है, तो चुनाव अधिकारी उसे निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर देते हैं। वहीं बात अब जगत प्रकाश नड्डा की तो मालूम हो कि 20 जनवरी 2026 भाजपा के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के कार्यकाल का अंतिम दिन होगा। इस दिन वे औपचारिक रूप से पार्टी की कमान नितिन नबीन को सौंप देंगे। उनके 6 साल के कार्यकाल में भाजपा ने कई उतार–चढ़ाव देखे हैं। वैसे तो उनका कार्यकाल 3 साल के लिए ही था, लेकिन पहले कोविड और फिर लोकसभा चुनाव के कारण इसे बढ़ाया गया, और अब वे पूरे छह साल का कार्यकाल समाप्त कर रहे हैं। इस दौरान एक लोकसभा और तीस से भी अधिक विधानसभा चुनावों में पार्टी उनकी अगुवाई में मैदान में उतरी। वैसे तो जेपी नड्डा 2014 में ही भाजपा के अध्यक्ष बन जाते, लेकिन तब उत्तर प्रदेश में शानदार सफलता दिलाने वाले अमित शाह को यह जिम्मेदारी दी गई। नड्डा तब अमित शाह की टीम में बतौर राष्ट्रीय महासचिव शामिल हुए। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया, जहां पार्टी ने एक बार फिर शानदार सफलता हासिल की। इसके बाद शाह 2019 में बतौर गृह मंत्री मोदी सरकार में चले गए। हालांकि वे अध्यक्ष बने रहे और उनकी सहायता के लिए नड्डा को जून 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया। नड्डा 20 जनवरी 2020 को औपचारिक रूप से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा ने 2020 से अब तक कुल 33 विधानसभा चुनाव लड़े। इनमें जीत हार का मिश्रित रिकॉर्ड रहा है। 19 में



पार्टी ने जीत हासिल की है। इस तरह उनकी अगुवाई में पार्टी की सफलता दर लगभग 60 प्रतिशत रही। बतौर कार्यकारी अध्यक्ष वे भाजपा को कई विधानसभा चुनावों में ले गए। महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में भाजपा का मिश्रित रिकॉर्ड रहा। जहां झारखंड में भाजपा हार गई, वहीं हरियाणा में उसकी संख्या कम हुई और उसे सहयोगियों के साथ सरकार बनानी पड़ी। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री बना, लेकिन गठबंधन के मतभेदों के कारण सरकार गिर गई। अगले साल जनवरी 2020 में अध्यक्ष बनते ही नड्डा का पहला चुनावी इम्तिहान दिल्ली विधानसभा चुनाव था, लेकिन इसमें भाजपा हार गई। नड्डा के नेतृत्व में भाजपा ने पहला बड़ा चुनाव 2020 के अंत में बिहार में जीता। उसके अगले साल यानी 2021 में भाजपा को असम और पुडुचेरी में जीत मिली, जबकि पश्चिम बंगाल में सीटों की संख्या तो बढ़ी लेकिन वो सत्ता से दूर रही। साल 2022 नड्डा की अगुवाई में भाजपा के लिए काफी प्रभावशाली रहा। पार्टी ने उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में विधानसभा चुनाव जीते. नड्डा को व्यक्तिगत तौर पर तब झटका लगा, जब उनके गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में भाजपा हार गई। इसका दोष अंदरूनी मतभेद पर मढ़ दिया गया। पड़ोसी राज्य पंजाब में भी भाजपा कोई अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। 2023 में भाजपा ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे हिंदी पट्टी के राज्यों में शानदार जीत दर्ज की। हालांकि कर्नाटक में कांग्रेस से हार पार्टी के लिए बड़ा झटका रही.2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में उल्लेखनीय कमी आई और वह संसद में बहुमत हासिल नहीं कर सकी। हालांकि, इसी दौरान भाजपा ने ओडिशा में बीजद से सत्ता छीनकर राज्य में अपनी पहली जीत दर्ज की, लेकिन लोकसभा चुनाव के नतीजों के कारण यह जीत कुछ हद तक फीकी रही। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू–कश्मीर में हुए पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने वोट शेयर को 2014 के 22 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत से अधिक कर लिया और सीटों की संख्या 25 से बढ़कर 29 हो गई। पार्टी ने जम्मू क्षेत्र में दबदबा कायम रखा, लेकिन सत्ता में वापसी नहीं कर सकी। इसके बाद हुए चुनावों में जीत के साथ नड्डा के नेतृत्व में भाजपा ने यह साबित किया कि आम चुनाव में आया झटका केवल एक अपवाद था। 2024 के दूसरे हिस्से में भाजपा ने महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे अहम राज्यों में जीत दर्ज कर पुनर्जीवित INDIA गठबंधन को बड़ा झटका दिया। 2025 में दिल्ली और बिहार दोनों विधानसभा चुनावों में जीत के साथ भाजपा एक बार फिर कमजोर और बिखरे विपक्ष के मुकाबले एक मजबूत चुनावी मशीन के रूप में उभरकर सामने आई। नड्डा अपने पूरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बेहद विश्वासपात्र बने रहे। सरकार और संगठन में बेहतर तालमेल बनाने में उनकी सराहनीय भूमिका रही। मोदी सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों को संगठन के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने में उनके नेतृत्व में भाजपा ने बड़ी भूमिका निभाई। लाभार्थियों की पहचान और उनसे संपर्क साधकर भाजपा ने अपना बड़ा वोट बैंक तैयार किया। संगठन अभियान में भी भाजपा ने सदस्यों की संख्या बढ़ा कर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा बरकरार रखा। कोविड के समय नड्डा ने पार्टी संगठन का प्रभावी उपयोग गरीबों तक राशन तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं को पहुंचाने में किया। जेपी नड्डा राजनीतिक रूप से भी प्रखर फ़ैसले लेते रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव के झटके से उबर कर एनडीए की मजबूती पर ध्यान दिया और सहयोगियों के साथ तालमेल बेहतर किया। वैसे यह भी है कि इससे पहले जेडीयू, अकाली दल और शिवसेना ने भाजपा से रिश्ता भी तोड़ा। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले आरएसएस की भूमिका को लेकर दिए गए उनके एक बयान से विवाद हुआ, लेकिन उन्होंने स्थिति स्पष्ट कर मामले को तूल नहीं पकड़ने नहीं दिया। उनके कार्यकाल के दौरान आरएसएस के संगठनों के साथ भी भाजपा का बेहतर तालमेल रहा। नड्डा एक साथ तीन ज़िम्मेदारियों को संभाल रहे हैं। वे भाजपा अध्यक्ष के साथ ही दो बड़े विभागों के कैबिनेट मंत्री और राज्य सभा में सदन के नेता भी हैं। यह पीएम मोदी का उन पर विश्वास बताता है। संगठन को विस्तार देने में भी पिछले छह सालों में काफी काम हुआ। केरल और तमिलनाडु में भाजपा संगठन को मज़बूत किया गया। बूथ स्तर पर पूरे देश में पार्टी मज़बूत की गई। मेरा बूथ, सबसे मज़बूत अभियान चलाया गया। इनका परिणाम चुनाव में देखने को मिला। नड्डा ने अपनी टीम में नए लोगों को मौका देकर भविष्य के लिए नेतृत्व तैयार किया। वर्तमान कार्यकारी और भावी अध्यक्ष नितिन नबीन को उन्हीं के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की ज़िम्मेदारी दी गई थी। हालांकि संसदीय बोर्ड से वरिष्ठ नेताओं को हटाने और अपेक्षा.त अनजान चेहरों को जगह देने पर सवाल उठाए गए थे। नड्डा ब्राह्मण समाज से आते हैं और राजनीतिक तौर पर उनकी जरूरत भाजपा को आगे भी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का उन पर अटूट विश्वास आने वाले समय में भी पार्टी के लिए उनकी उपयोगिता को बनाए रखेगा। हालांकि उनके सामने एक बड़ी चुनौती अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में पार्टी को मज़बूत करना होगी।

## चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट को बचाने के लिए भारत के कूठनीतिक प्रयास हुए तेज़



फरीद वारसी

ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि ईरान के बंदरगाह चाबहार का संचालन करने वाले लोगों पर इस महीने के अंत से प्रतिबंध लगा दिए जाएंगे। इस फैसले का भारत पर भी असर पड़ेगा जो इस रणनीतिक बंदरगाह पर एक टर्मिनल को विकसित कर रहा है। चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान–बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है। भारत और ईरान इसे व्यापार एवं संपर्क बढ़ाने के लिए विकसित कर रहे हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता थॉमस पिगॉट ने सप्ताह की शुरुआत में जारी एक बयान में कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट देने वाले 2018 के आदेश को रद्द किया जा रहा है। विदेश विभाग ने कहा कि यह कदम ईरानी शासन को अलग–थलग करने के लिए अधिकतम दबाव डालने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीति के अनुरूप है। पिगॉट ने बताया, श्अमेरिकी विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान पुनर्निर्माण मदद एवं आर्थिक विकास के लिए ईरान स्वतंत्रता एवं परमाणु प्रसार–रोधी अधिनियम (आईएफसीए) के तहत 2018 में जारी प्रतिबंध छूट को रद्द कर दिया है। यह आदेश 29 सितंबर, 2025 से प्रभावी हो जाएगा। पिगॉट के अनुसार प्रतिबंध के प्रभावी हो जाने के बाद चाबहार बंदरगाह का संचालन करने वाले या संबंधित गतिविधियों में शामिल लोग प्रतिबंधों के दायरे में आ सकते हैं। अमेरिकी प्रशासन के इस निर्णय से भारत भी प्रभावित होगा क्योंकि वह ओमान की खाड़ी में स्थित चाबहार बंदरगाह पर एक टर्मिनल के विकास से जुड़ा हुआ है। भारत ने 13 मई, 2024 को इस बंदरगाह के संचालन के लिए 10 साल के कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए थे। भारत को इससे मध्य एशिया के साथ व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। ईरान में चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट को




बचाने के लिए भारत की दोतरफा रणनीतिविदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान के चाबहार पोर्ट को लेकर अमेरिका के ट्रेजरी विभाग की तरफ से प्रतिबंधों में दी गई सशर्त छूट अप्रैल 2026 तक वैलिड है। हम इसे लेकर अमेरिका से लगातार बातचीत कर रहे हैं। ईरान में आयतुल्ला अली खामेनेई सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बीच भारत ने रणनीतिक रूप से अहम चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट को लेकर कूटनीतिक सक्रियता तेज कर दी है। एक तरफ वह अमेरिका से छूट को लेकर बात कर रहा है, तो दूसरी तरफ अन्य विकल्पों पर भी विचार कर रहा है। ये घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका ने ईरान से व्यापार करने वालों पर 25 प्रतिशत का एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी है। अमेरिका ने पिछले साल सितंबर में ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे। उस दौरान चाबहार प्रोजेक्ट को 2018 में दी गई छूट को भी खत्म कर दिया था। हालांकि कुछ हते बाद अमेरिका ने छूट को छह महीने के लिए बढ़ा दिया। यह छूट अब 26 अप्रैल को खत्म होने वाली है। इससे जुड़े सवाल पर नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, पिछले साल 28 अक्टूबर को अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने प्रतिबंधों में सशर्त छूट को लेकर गाइडेंस जारी की थी, जो कि 26 अप्रैल 2026 तक वैलिड है। हम इस अरेंजमेंट को लेकर अमेरिकी पक्ष से लगातार बातचीत कर रहे हैं।" भारत ने चाबहार बंदरगाह को 120 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रकम लगाकर 10 साल में डेवलप करने का एग्रीमेंट कर रखा है।घटनाक्रम के जानकार सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि भारत चाबहार प्रोजेक्ट में अपने सीधे एक्सपोजर से बचने के लिए इस रकम को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया में है। चर्चा ये भी है कि भारत एक नई एंटिटी बनाकर चाबहार पोर्ट के विकास को आगे बढ़ा सकता है ताकि सरकार की सीधी जिम्मेदारी कम हो, लेकिन समर्थन जारी रहे। भारत और ईरान मिलकर चाबहार पोर्ट को डेवलप कर रहे हैं ताकि कनेक्टिविटी और व्यापारिक रिश्तों को मजबूत किया जा सके। इसके तैयार होने से पाकिस्तान को बाईपास करके सीधे अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक कनेक्टिविटी बन सकेगी और भारत वहां अपना माल पहुंचा सकेगा। ईरान का चाबहार बंदरगाह इंटरनेशनल नॉर्थ–साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के लिए भी काफी अहम है। चाबहार बंदरगाह इंटरनेशनल नॉर्थ–साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के तहत भारत से ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप तक 7200 किलोमीटर लंबा मल्टी मोड ट्रांसपोर्ट सिस्टम तैयार किया जाना है। ईरान से बिजनेस करने वाले देशों पर ट्रंप ने अगर अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ लगाया भी तो इसका भारत पर ज्यादा असर नहीं होगा, ऐसा सूत्रों का दावा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने बताया कि भारत और ईरान के बीच पिछले साल 1.6 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। इसमें भारत से ईरान को 1.2 अरब डॉलर का निर्यात हुआ और ईरान से 0.4 अरब डॉलर का आयात हुआ था।

## कुछ.कुछ 2025 जैसा ही 2026 में संभव

हरिशंकर व्यास

कुछ.कुछ 2025 जैसा ही 2026 में संभव। ऊपर से भौकाल मचाते आंकड़े वही जमीनी असलियत में खोखला। विश्व बाजार में पिछले साल भारत का रुपया लुढ़का वही आर्थिकी तथा बाजार की रौनक चीनी कारखानों के उत्पादों पर आश्रित। वैश्विक वास्तविकताओं में यह हमेशा सुना गया है कि जो विकसित है या विकसित होता हुआ है तो उसकी करेंसी उसी अनुपात में मंहगीए मूल्यवान होती है। वहां के नागरिकों के पासपोर्ट का मान बढ़ता है। पर मोदी राज के हवाबाज ढोलों का कमाल है जो रुपयाए निर्यात लुढकेए बेरोजगारी बढ़ी मगर फिर भी ब्रिटेनए जापानए जर्मनी सभी को भारत पछाड़ता हुआ। आगे बस चीन और अमेरिका का नंबर आना है। भारत के पासपोर्ट का जहां सवाल है तो विश्वगुरू बन गए पर अपना पासपोर्ट अफ्रीकी देशों के पासपोर्ट से भी कमजोरए लुढ़कता हुआ।

सच्चाई है कि भारत की आबादी दुनिया की कुल आबादी का साढे 17 प्रतिशत है जबकि बेचारे ब्रिटेनए जापानए जर्मनी की कुल आबादी सिर्फ तीन प्रतिशत है। भारत 140 करोड़ लोगों की भीड लिए हुए है वही ब्रिटेनए जर्मनीए जापान तीनों देशों की कुल आबादी 24 करोड है। मतलब भारत के मध्यवर्ग की अनुमानित संख्या से भी कम।

लेकिन 2026 की ताजा शुरूआत जापान को पछाड देने के ढोल से हुई। यह शोर लगातार बढ़ना है। जबकि विकसित ब्रिटेनए जापानए जर्मनी बनाम भारत का बुनियादी फर्क है जो वे देश आत्मनिर्भर आर्थिकी के गौरव में सांस लेते हैं वही भारत की आर्थिकी चीन आश्रित है। भारत किसी भी मामले में अब आत्मनिर्भर नहीं है। 2014 के बाद से भारत का विकास या तो बाजार के रूप में है या व्यापारिक लेन.देनए कृषिए सेवा और खैरात.रेवड़ियों की आर्थिकी से फलता.फूलता हुआ है।

ऐसा ही सुरक्षाए सामरिकए भू राजनीति में है। 2025 के ऑपरेशन सिंदूर में भारत के पक्ष में खुलकर बोलने वाला कौन देश थाध् ईमानदारी से केवल इजराइल। रूस ने तटस्थता रखी। डोनाल्ड ट्रंप ने मौके का फायदा उठाया तथा बाद में पाकिस्तान पर शहाथ रखा। चीन ने पाकिस्तान को हर संभव मदद दी। दक्षिण एशियाए आसियान देशों में भी भारत अलग.थलग था।

वह स्थिति 2026 में और बढेगी। 2026 में ट्रंप प्रशासन के साथ टैरिफ करार भले हो जाए लेकिन पाकिस्तान के लिए उसके खुले दरवाजे बंद नहीं होने हैं। पाकिस्तानए बांग्लादेश को लेकर अमेरिकाए पश्चिमी देशए यूरोपीय संघए जापानए ऑस्ट्रेलिया सभी तटस्थ रहने हैं। भारत की चिंताओं में कोई साझेदार नहीं होगा। तभी नोट रखें दिसंबर 2026 में भारत की आर्थिकी अधिक पराश्रित होगी तो भूराजनीति व सामरिक मामलों में भी भारत ज्यादा अलग. थलग होगा।

## चीन,पाकिस्तान और बांग्लादेश की त्रिकोणीय जुगलबंदी, भारत के लिए उभरती चुनौतियाँ

संजीव ठाकुर

भारत की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने इस समय में अनेक जटिल चुनौतियाँ खड़ी हैं,इनमें सबसे गंभीर चुनौती पड़ोसी देशों के साथ बिगड़ते समीकरण और क्षेत्रीय अस्थिरता से जुड़ी है। भारत देश का पुराना अनुभव रहा है कि परंपरागत रूप से चीन और पाकिस्तान भारत विरोध की धुरी रहे हैं, और अब जिस प्रकार बांग्लादेश के कुछ घटनाक्रम इस धुरी से जुड़ते प्रतीत हो रहे हैं उसने भारत की सामरिक, कूटनीतिक और मानवीय चिंताओं को और गहरा कर दिया है। यह स्थिति केवल सीमा विवाद या कूटनीतिक तनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध क्षेत्रीय शांति, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक स्थिरता से भी गहरे जुड़ा है। चीन की विस्तारवादी नीति के कारण भारत की सीमा पर हमेशा दबाव महसूस किया जाता रहा है। चीन के साथ भारत के संबंध। पिछले कुछ वर्षों से लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सेना की गतिविधियाँ, बुनियादी ढांचे का आक्रामक विस्तार और बार–बार होने वाले सैन्य आमने–सामने के घटनाक्रम इस बात के संकेत हैं कि चीन भारत के प्रति पारंपरिक "शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व" के सिद्धांत से हटकर व्यवहार कर रहा है। पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक, चीन की रणनीति धीरे–धीरे यथास्थिति बदलने की रही है। चीन की यह नीति केवल भूभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भारत को सामरिक रूप से घेरने की कोशिश भी कर रहा है। नेपाल, श्रीलंका, मालदीव और म्यांमार जैसे देशों में चीनी प्रभाव का बढ़ना इसी रणनीति का हिस्सा माना जाता है। ऐसे में चीन पर आवश्यकता से अधिक भरोसा करना भारत के लिए दीर्घकालिक रूप से नुकसानदेह हो सकता है। पाकिस्तान में भारी अस्थिरता के बीच भी भारत का विरोध बदस्तूर जारी है। पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति चाहे जितनी भी कमजोर क्यों न हो, भारत विरोध उसकी विदेश नीति का स्थायी स्तम्भ बना हुआ है। आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद पाकिस्तान का सैन्य प्रतिष्ठान भारत के खिलाफ छद्म युद्ध और आतंकवाद को रणनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। हाल के वर्षों में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं और सिखों के खिलाफ हिंसा, जबरन धर्मांतरण और हत्याओं की घटनाएँ भारत के लिए गंभीर मानवीय चिंता का विषय हैं। यह केवल मानवाधिकार का प्रश्न नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता का भी संकेत है, जिसका प्रभाव अंततः भारत पर ही पड़ता है,चाहे वह शरणार्थी संकट हो या सीमा पार तनाव। बांग्लादेश के बदलते संकेत ने भारत के लिए नई आशंकाएँ बाधा दी हैं। भारत और बांग्लादेश के संबंध लंबे समय तक सौहार्दपूर्ण और सहयोगपूर्ण रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग तक, दोनों देशों के बीच एक मजबूत आधार रहा है। किंतु हाल के समय में बांग्लादेश के भीतर कुछ घटनाक्रम विशेषकर हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा, मंदिरों पर हमले और सामाजिक असुरक्षा भारत के लिए चिंता का कारण बने हैं। इन घटनाओं के पीछे कट्टरपंथी ताकतों का उभार और बाहरी प्रभावों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि बांग्लादेश में भारत विरोधी या कट्टरपंथी शक्तियाँ मजबूत होती हैं और उन्हें चीन या पाकिस्तान का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता है, तो यह भारत के पूर्वी सीमांत के लिए एक नई चुनौती खाड़ी कर सकता है। चीन,पाकिस्तान की मित्रता कोई नई बात नहीं है। चीन,पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इस गठजोड़ का ठोस उदाहरण है, जो भारत की संप्रभुता से जुड़े क्षेत्रों से होकर गुजरता है। यदि इस समीकरण में बांग्लादेश का किसी भी रूप में सामरिक या वैचारिक झुकाव जुड़ता है, तो भारत के लिए यह स्थिति और जटिल हो सकती है। यह त्रिकोणीय दबाव केवल सैन्य नहीं, बल्कि कूटनीतिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक भी हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को घेरने की कोशिश, क्षेत्रीय संगठनों में संतुलन बदलने का प्रयास और आंतरिक अस्थिरता को हवा देना, भारत के लिए ये सभी संभावित रणनीतियों के खिलाफ एक नया समीकरण तैयार करने की आवश्यकता होगी। इन परिस्थितियों में भारत को अत्यंत सतर्क, संतुलित और दीर्घदर्शी नीति अपनाने की आवश्यकता है। एक ओर जहां सीमाओं की सुरक्षा और सैन्य तैयारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक संवाद के रास्ते खुले रखना भी आवश्यक है। भारत को बांग्लादेश के साथ अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करना चाहिए, ताकि कट्टरपंथी ताकतों के लिए जगह न बचे। पाकिस्तान के संदर्भ में सख्ती और स्पष्टता आवश्यक है, जबकि चीन के मामले में रणनीतिक धैर्य के साथ राष्ट्रीय हितों की दृढ़ रक्षा करनी होगी। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बदलते समीकरण भारत के लिए केवल एक तात्कालिक चुनौती नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीतिक परीक्षा भी हैं। इतिहास साक्षी है कि भारत ने हर कठिन परिस्थिति में संयम, साहस और विवेक का परिचय दिया है। वर्तमान समय में भी आवश्यकता इसी बात की है कि भारत अपनी आंतरिक एकता, कूटनीतिक समझदारी और सामरिक क्षमता के बल पर इन चुनौतियों का सामना करे। यदि समय रहते सही निर्णय लिए गए, तो यह त्रिकोणीय दबाव भारत को कमजोर करने के बजाय और अधिक मजबूत, सतर्क और आत्मनिर्भर बना सकता है।

# टप्पेबाज गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के मार्गदर्शन एवं सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मेले, कथा, प्रवचन, कलश यात्रा आदि में टप्पेबाजी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अन्तरजनपदीय गिरोह के 08 सदस्यों को गिरतार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि 15 जनवरी को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में कलश यात्रा के दौरान रामलीला मैदान और रायफल क्लब मैदान अलीगंज से अज्ञात चोर गिरोह द्वारा महिलाओं के गले से मंगलसूत्र व जंजीर की



चोरी/टप्पेबाजी की गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरतारी हेतु कई टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि अतर्रा रोड बाइपास के पास एक सफेद रंग के चारपहिया वाहन में कुछ संदिग्ध पुरुष व महिलाएं है। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी कर आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए 02 पुरुष व 06 महिलाओं को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से पीली धातु के 07 मंगलसूत्र व पीली ध ातु की 01 जंजीर आदि बरामद हुई। बरामद मंगलसूत्र, जंजीर व चारपहिया गाड़ी के बारे में कड़ाई से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि सभी लोग आपस में एक दूसरे के रिश्तेदार है तथा जहां कहीं भी मेला, कथा, प्रवचन, कलश यात्रा आदि का आयोजन होता है सभी लोग इसी चारपहिया गाड़ी से जाते है और दो ग्रुप बनाकर भीड़ में शामिल होकर महिलाओं के आभूषणों आदि की चोरी की घटना को अंजाम देते है। बरामद पीली धातु के मंगलसूत्र व जंजीर 15 जनवरी को कलश यात्रा के दौरान चोरी की गई थी। उसके बाद सभी लोग गिरोह मवई चौराहा स्थित कथा पण्डाल में जाकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले थे। इसी दौरान सभी को पकड़ लिया गया। इस सम्बन्ध ा में विस्तृत जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और कहां–कहां और किन–किन जनपदों में टप्पेबाजी/चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। पकड़े गए अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र जिउतराम निवासी परसही थाना कोतवाली नगर जनपद गाजीपुर, अजय कुमार पुत्र फूलचन्द्र निवासी हिरामनपुर थाना सिंध ाोरा जनपद वाराणसी, सोनी पत्नी विनोद निवासी हिरामनपुर थाना सिंधोरा जनपद वाराणसी, मीना पत्नी रामआसरे निवासी हिरामनपुर थाना सिंधोरा जनपद वाराणसी, आशा पत्नी अनिल निवासी त्रिलोचन महादेव थाना जलालपुर जनपद जौनपुर, कमली पत्नी नखरु हिरामनपुर थाना सिंधोरा जनपद वाराणसी, गीता पत्नी राजकुमार निवासी हिरामनपुर थाना सिंधोरा जनपद वाराणसी, रुपा पत्नी शिन्टू निवासी हिरामनपुर थाना सिंध ाोरा जनपद वाराणसी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में बलराम सिंह प्र0नि0 कोतवाली नगर, यज्ञनारायण भार्गव चौकी प्रभारी बलखण्डीनाका, अरविंद कुमार मौर्य चौकी प्रभारी अलीगंज, उ0नि0 प्रवेश कुमार, हे0कां0 राकेश चन्द्र कुशवाहा, कां0 फिरोज अंसारी, कां0 दीपक कुमार, म0उ0नि0 रश्मि सिंह,म0कां0 प्रियंका चौधरी, म0कां0 शागुता, म0कां0 निशा कुमारी शामिल रहीं।

# केन जल महाआरती की पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने की सराहना

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने बताया कि भूरागढ़ क्षेत्र अंतर्गत केन घाट पर प्रत्येक मंगलवार को की जाने वाली केन



जल महाआरती की सराहना बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र .ष्ण शास्त्री ने अपनी कथा के दौरान की। बता दे कि यह केन जल महाआरती कार्यक्रम विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जाती है। उन्होंने अपनी कथा के दौरान समिति की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है तथा इसमें और लोगों को जुड़ना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा लोगों को केन जल महाआरती में शामिल होना चाहिए। पंडित धीरेन्द्र .ष्ण शास्त्री ने उपस्थित जनप्रतिनिधि, नेता आदि से यह बात भी कही कि केन नदी आरती कार्यक्रम में सभी को सहभागिता रखी जानी चाहिए और वहां पर सुंदर घाट का निर्माण कराया जाना चाहिए जिससे लोग वहां पहुंचकर केन आरती कर सके साथ ही श्रद्धालु लोगो के स्नान आदि करने के लिए भी बेहतर होगा। इस संबंध में जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति का कहना है कि हम लोगों द्वारा लगातार ही केन नदी के संरक्षण और स्वच्छता को लेकर जागरूक किया जा रहा है और इसमें पंडित धीरेन्द्र .ष्ण शास्त्री जी द्वारा समिति की सराहना की गई है हम उसके लिए उन्हें धन्यवाद देते है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केन नदी के संरक्षण और स्वच्छ रखे जाने हेतु समिति द्वारा लगातार ही आगे भी प्रयास किए जाते रहेंगे साथ ही उन्होंने आमजनमानस से इस अभियान में जुड़ने का आवाहन भी किया।

# पच्चीस हजार रुपए का इनामी गैंगस्टर अभियुक्त गिरफ्तार

## – गिरोह बनाकर चोरी, नकबजनी की घटनाओं को देता था अंजाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित




अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में गिरोह बनाकर चोरी, नकबजनी आदि करने वाले गैंगस्टर एक्ट के 25 हजार रुपए के इनामिया वांछित अभियुक्त को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरतार कर लिया गया है। अभियुक्त गैंग बनाकर अपने अन्य साथियों के साथ, चोरी नकबजनी आदि की घटनाओं को अंजाम देता था जिसके सम्बन्ध में थाना बदौसा में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजी.त किया गया था जिसमें अभियुक्त वांछित चल रहा था। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्त की जल्द गिरतारी हेतु 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था जिसे थाना अतर्रा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर नरैनी मार्ग से गिरतार किया गया। अभियुक्त बारेलाल उर्फ विजय पुत्र रामदीन निवासी कल्हरा थाना नरैनी जनपद बांदा को पकड़ लिया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में ऋषिदेव सिंह प्रभारी निरीक्षक, कां0 आदर्श तिवारी कां0 जंगबहादुर शामिल रहे

# खेत में घास काट रही किशोरी से छेड़खानी

## - नशे में धुत युवक ने की बदसलूकी

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। जनपद के अटरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भानपुर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा बदनीयत से छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगा है। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। क्या है पूरा मामला? प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार की दोपहर करीब 3.35 बजे पीड़िता पुष्पा (परिवर्तित नाम) अपने पिता रामधार के साथ खेत में घास काटने गई थी। पिता घास काटकर घर लौट आए थे, जबकि पुत्री वहीं बैठकर स्वेटर बुन रही थी। इसी बीच गांव का ही निवासी बीरू पुत्र पप्पू रावत शराब के नशे में धुत होकर वहां पहुंच गया। बाल पकड़कर घसीटा, खेत में हुई हाथापाई पीड़िता के पिता द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, आरोपी बीरू ने किशोरी को देखते ही उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने किशोरी के बाल पकड़ लिए और उसे जबरन खेत के बीच खींच ले गया। इस दौरान किशोरी ने खुद को बचाने के लिए काफी संघर्ष किया, जिससे दोनों के बीच काफी देर तक गुत्थम–गुत्था हुई। पिता के पहुंचते ही दी जान से मारने की धमकी बेटी की चीख–पुकार सुनकर जब पिता रामधार मौके पर पहुंचे, तो उन्हें आता देख आरोपी बीरू गाली–गलौज करने लगा। जाते–जाते उसने किशोरी और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग निकला। पुलिसिया कार्यवाही घटना के बाद पीड़ित परिवार ने अटरिया थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला संज्ञान में है। आरोपी बीरू के खिलाफ




संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होगा।

# साप्ताहिक बंदी पर प्रशासन का हंटर, बाजार में हड़कंप

## - वी-मार्ट और रोजाना मार्ट पर भी छापेमारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। सिधौली कस्बे में रविवार की साप्ताहिक बंदी का नियम हवा में उड़ाना व्यापारियों को भारी पड़ सकता है। प्रशासन ने अब इस मामले में कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। रविवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी के नेतृत्व में बाजार का औचक निरीक्षण किया गया, जिससे दुकानदारों में अफरा–तफरी का माहौल रहा। बाजार में औचक निरीक्षणरू खुले मिले कई प्रतिष्ठान श्रम विभाग की टीम ने जब बाजार का रुख किया, तो कई दुकानें और बड़े प्रतिष्ठान खुले पाए गए। साप्ताहिक बंदी के नियमों का उल्लंघन देखकर अधिकारियों ने नाराजगी जताई। श्रम प्रवर्तन अधिकारी लीलाधर पाल ने मौके पर मौजूद व्यापारियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी कि यदि भविष्य में बंदी के दिन दुकानें खुली मिलीं, तो भारी जुर्माने के साथ नियमानुसार चालान की कार्रवाई की जाएगी। रोजाना मार्ट और वी–मार्ट की भी हुई जांच निरीक्षण के दौरान टीम कस्बे के बड़े शॉपिंग स्टोर्स पर भी पहुंची रोजाना मार्ट यहाँ जांच के दौरान श्रम विभाग से संबंधित आवश्यक लाइसेंस मौके पर मौजूद नहीं मिला। इस लापरवाही पर अधिकारियों ने संचालक को कड़ी फटकार लगाई और जल्द से जल्द दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए। वी मार्ट टीम ने यहाँ भी लेबर एक्ट से जुड़े दस्तावेजों की गहनता से पड़ताल की। जरूरी कागजात देखने के बाद अधिकारी संतुष्ट नजर आए और आगे की ओर बढ़ गए। श्रम कानूनों का पालन अनिवार्य, वरना लगेगा जुर्माना प्रशासन ने सभी छोटे–बड़े व्यापारियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि केवल दुकान बंद रखना ही काफी नहीं है, बल्कि श्रम कानूनों के तहत जरूरी लाइसेंस और अभिलेख भी अनिवार्य रूप से रखने होंगे। साप्ताहिक बंदी श्रमिकों के हित और श्रम कानूनों का हिस्सा है। नियमों की अनदेखी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी व्यापारी निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

# ढकिया मछरेहटा में पुस्तक विमोचन व सुंदरकांड पाठ का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद के ढकिया मछरेहटा गांव में रविवार को सेवानिवृत्त शिक्षक राम.ष्ण शुक्ल के निज निवास पर सिंदूर की कीमत ऑपरेशन सिंदूर पुस्तक के विमोचन के अवसर पर सुंदरकांड




पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खेतिया विधायक श्री भागवत उपस्थित रहे। उनके साथ रामगोपाल अवस्थी चेयरमैन रामगढ़ चीनी मिल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र मिश्र (वीरू), अजय भार्गव पूर्व जिलाध्यक्ष सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात पुस्तक का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर लेखक श्री राम.ष्ण शुक्ल ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर आये हुए आगंतुकों को सम्मानित किया। सम्मान कार्यक्रम में अजय प्रकाश शुक्ल एवं अखिलेश त्रिवेदी ने प्रमुख भूमिका निभाई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सिंदूर की कीमत पुस्तक सामाजिक मूल्यों, संस्कारों एवं राष्ट्र भावना को मजबूती प्रदान करती है। यह .ति समाज को दिशा देने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने लेखक के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर अजय कुमार शुक्ला, केदारनाथ शुक्ला, संजय शुक्ला, यूपेश्वर शुक्ला, मूर्ति मोहन, देवदेश्वर शुक्ला, रवी त्रिवेदी, पंकज शुक्ला, रामनरेश शुक्ला, शुभम त्रिवेदी, रामनरेश शुक्ल सहित बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु, ग्रामीण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय त्रिवेदी द्वारा किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ओवरलोड पांच माल वाहनों को थानों में किया निरुद्ध

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सड़क दुर्घनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज अठारहवें दिवस वीरेन्द्रनाथ राजभर यात्री/मालकर अधि ाकारी द्वारा ओवरलोड संचालित माल वाहनों के विरुद्ध अभियान



चलाकर पांच ट्रकों को ओवरलोड के अभियोग में जनपद के विभिन्न थानों में निरूद्ध किया गया। उक्त के अतिरिक्त 24 बिना हेलमेट, 22 नो पार्किंग सहित अन्य अभियोगों में कुल 53 चालान किये गये तथा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# लेखपाल के घर को बनाया बंधक फिर की लूटपाट

## - लाखों की नगदी लेकर फरार

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। कोतवाली तालगांव क्षेत्र में ग्राम रसूलपुर में रिटायर्ड लेखपाल अमरसिंह पुत्र अजय और पुष्कर को चोरों ने बंधक बना कर की गई लूट। बीती रात लगभग 1 बजे घर में खटपट की आवाज सुनाई पड़ी छत पर और घर पर 5 सदस्य थे पुष्कर ने बताया कि बीती रात्रि लगभग 1 बजे छत पर चोर आए उनकी संख्या लगभग 7 थी और सबके पर देसी कट्टे थे जिन्होंने असलहा लगा कर चोरी को अंजाम दिया। चोरों ने दीवार के सहारे दरवाजा खोल कर घर में घुसे अलमारी का ताला तोड़कर महिलाओं के जेवरात 4 जोड़ी कान का सोने का सामान, 3 हार, 4 चैन सोने की सहित 7 लाख नगदी सहित कई लाखों का सामान लूट कर चोर हाथ साफ कर फरार हो गए। मौके की जानकारी मिलने पर लहरपुर सीओ बृजेश कुमार और कोतवाली तालगांव प्रभारी आशीष तिवारी व फोरेंसिक टीम सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद हो गया और गहनता से जांच करने लगा। पुलिस



अधीक्षक को जैसे ही इसकी जानकारी हुई वह भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की जानकारी देते हुए बताया कि टीम गठित कर दी गई है जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा।

# बलाईगांव में सम्पन्न हुआ बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम

## - 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

## - डीएम व एसपी ने उत्तीर्ण प्रतिभागियों को बाटे कम्प्यूटर



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के मार्ग निर्देशन में 59 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वाइब्रेंट गांव बलाईगांव में आयोजित 30 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर कोर्स का शनिवार को देर शाम सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के 40 युवाओं ने सहभागिता कर कंप्यूटर की मूलभूत शिक्षा प्राप्त की। वाइब्रेंट गांव बलाईगांव में शनिवार को देर शाम आयोजित समापन समारोह का मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तथा ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट एसडीएम महसी आलोक प्रसाद आईएएस के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया तदोपरान्त बेसिक कंप्यूटर कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उत्तीर्ण प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप कंप्यूटर भी प्रदान किए गए। समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम सीमावर्ती युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समापन अवसर पर कार्यवाहक कमांडेंट पंकज कुमार ठाकुर, द्वितीय कमान द्वारा भी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी गईं तथा कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# आरामगाह से निकलकर जनता के बीच खड़े होना तौहीन समझते एसडीएम

## - एसडीएम की कार्यशैली की चर्चाएं आम, वीडियो वायरल

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। उपजिलाधिकारी दुर्घटनाओं को नही रोक सकता जैसे शब्द प्रशासनिक कुर्सी पर बैठे उपजिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र चौहान की संवेदनशीलता व मानवीय मूल्यों के प्रति दायित्व के मुंह पर जोरदार तमाचा है। लगातार दुर्घटनाओं से जहां क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है वही उपजिलाधिकारी डलमऊ अपने कार्यालय से निकल कर घटनास्थल तक पहुंचने की जहमत उठाना जरूरी नहीं समझते तो पीड़ित के घर तक पहुंचने या उसके गम में शामिल होना और उन्हें शासन के लाभों तक उपलब्ध कराने की उम्मीद करना ही बेमानी है। उपजिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र चौहान अपने आराम गाह से बाहर निकल कर जनता के बीच खड़े होने में शायद अपनी तौहीन



समझते है ऐसे में जनता की समस्या और उनके निस्तारण के स्थित का आकलन करना बहुत आसान है सड़क दुर्घटना में अंकित और सोनम पूरे कुंजन ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रशासनिक अधिकारियों की शिथिलता और लापरवाही की सच्चाई उजागर करती है जहां आर्थिक मार व कुछ वर्ष पूर्व पिता की कैंसर से मृत्यु से कर्ज की मार झेल रहे परिवार की कमाई का एकमात्र सहारा भी गंवा दिया और साथ मे सुनहरे भविष्य की तैयारी में उच्च शिक्षा की जद्दोजहद कर रही बहन भी असामयिक दुर्घटना का शिकार हो गयी एक साथ भाई बहन की मौत से परिवार पर गमो का पहाड़ सा टूट पड़ा पर मजाल है जो उपजिलाधिकारी डलमऊ ने पीड़ित परिवार से मिलने या उनके गम में शामिल होने की जहमत उठाई गई हो. उपजिलाधिकारी की अक्षमता, दुर्घटनाओं पर नही लगा सकते विराम वीडियो वायरल डलमऊ तहसील क्षेत्र में दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है जिसमे यातायात व्यवस्था और कस्बे में फैला बेतरतीब अतिक्रमण व प्रशासनिक उदासीनता को एक बड़े कारण के रूप में स्पष्ट देखा जा सकता है दुर्घटनाओं में जान गंवाने का दुःख किसी परिवार के लिए क्या होता है इसे उपजिलाधिकारी डलमऊ को समझना होगा इतना ही नही एसडीएम डलमऊ से मिल कर मामले पर बात करने पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राजेश चंद्रा से फोन पर बातचीत करते समय एसडीएम डलमऊ ने बेहद गैरजिम्मेदाराना रुख अख्तियार किया जिसमें उनके द्वारा कहा गया कि उपजिलाधिकारी दुर्घटनाओं को नही रोक सकता तो क्या उपजिलाधिकारी डलमऊ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शासन से जारी दिशा निर्देशों का पालन भी नही करा सकता या उनमें दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने के लिए जरूरी प्रयास भी नही कर सकता तो कौन करेगा ये प्रयास ये एक यक्ष प्रश्न है. पीड़ित परिवार योजनाओँ से वंचित, क्षेत्र में चुनाव या वोटबैंक की घटिया राजनीति शासन की योजनाओं पर भारी पड़ रही है जिसमे व्यक्ति की पात्रता नही उसका वोट याद रखा जाता है दुर्घटना में जान गंवाने वाले अंकित और सोनम के घर जाकर देखने से पता चला कि प्रधानमंत्री आवास, शौचालय व अंत्योदय कार्ड जैसी शासन की योजनाओँ के लाभ से वंचित परिवार दो वक्त की रोटी जुटा पाने की जद्दोजहद में किस तरह दिन काट रहा था ये तो पीड़ित के घर जाकर देखने से पता चलता है इस प्रकरण पर खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सचान ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास की स्वी.ति हो चुकी है शासन से धन उपलब्ध होने पर लाभार्थी के खाते में धन निर्गत हो जाएगा।

## जनशिकायतों के निस्तारण में एसएसपी ने शुरू किया विशेष अभियान

### – पुलिस द्वारा शिकायतकर्ताओं के मौके पर जा कर कुल 31 शिकायतों किया निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु शुरू किया गया है विशेष अभियान। इस अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर किया जा रहा है शिकायतों का निस्तारण। प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 01 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 02 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगे। रविवार को चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 31 शिकायतों का किया गया मौके पर निस्तारण। विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु नहीं होना पडेगा परेशान। फिरोजाबाद पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर करेगी शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जायेगा। शिकायतकर्ता को बार–बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर हो पायेगा।

## हमारी संस्कृति, हमारी पहचान के तहत संस्.ति उत्सव का भव्य आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव का भवय आयोजन श्री रामचंद्र पालीवाल प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सदर मनीष असीजा, विशिष्ट अतिथि महापौर नगर निगम कामिनी राठौर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडेय, सहायक पर्यटन अधिकारी विशाल श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में प्रचलित लोक संगीत की परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में नृत्य, गायन एवं वादन की तीन विधाओं से जुड़े कुल 40 प्रतियोगी कलाकारों ने कनिष्ठ वर्ग एवं युवा वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विधायक मनीष असीजा ने शास्त्रीय नृत्य विधा के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए सरकार की इस पहल की सराहना की तथा विजेताओं को पुरस्.त किया। महापौर कामिनी राठौर ने लोकगायन प्रतियोगियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन जनपद संयोजक, संस्कार भारती शिवकांत पलिया द्वारा किया गया। आयोजन उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के तत्वावधान में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## बाइक सीखते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई किशोरियां, दो सगी बहनों की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

सुल्तानपुर। कटका अंबेडकर नगर राज्यमार्ग पर मोतीगंज चौराहे के समीप रविवार को एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग लड़कियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी तीसरी बहन गंभीर हादसे के बावजूद मामूली रूप से घायल हो गई। यह हादसा गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मोतीगंज चौराहे के पास उस समय हुआ, जब तीनों किशोरियाँ मोटरसाइकिल चलाना सीख रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 1 बजे तीनों किशोरियाँ बाइक पर सवार होकर सड़क पर अभ्यास कर रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रैक्टर–ट्रॉली से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहीं दो किशोरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी तीसरी किशोरी सड़क पर गिरकर घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल किशोरी को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार घायल लड़की होश में है और खतरे से बाहर बताई जा रही है। गोसाईगंज थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मृतक किशोरियों के शवों का पंचायतनामा भरकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि तीनों किशोरियाँ आपस में रिश्तेदारी में बहनें थीं। इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना ने एक बार फिर राज्यमार्गों पर नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## स्व0 मनोज की स्मृति में शुरू हुआ क्रिकेट टूनामेंट

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। स्व0 मनोज कुमार अग्रवाल की स्मृति में गांधीपार्क ग्राउण्ड पर 10 वां क्रिकेट टूनामेंट का शुभारम्भ सदर विधायक मनीष असीजा व महापौर कामिनी राठौर ने किया। टूनामेंट का पहला मैत्री मैच विधायक एकादश एवं महापौर एकादश के बीच खेला गया। विधायक एकादश के कप्तान भाजपा महानगर अध्यक्ष डा सतीश दिवाकर एवं महापौर एकादश के कप्तान डिप्टी मेयर विजय शर्मा रहे। सदर विधायक ने टॉस कराया जिसे विधायक एकादश ने जीतते हुए पहले बल्लेबाजी चुनी पहले बल्लेबाजी करते हुए विधायक एकादश ने दस ओवर में 168 रन बनाए जिसका पीछे करते हुए महापौर एकादश मैच 29 रन से हार गई विधायक एकादश की तरफ से राहुल शर्मा ने शतक बनाया और दो विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैंन ऑफ द मैच का खिताब मिला। मैच के उपरांत विजेता टीम व उपविजेता टीम दोनों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विधायक एकादश में पुराने खिलाड़ी अलीगढ़, जयपुर हाथरस से खेलने आए।

## पश्चिम बंगाल में ठंड में राजनीति गर्मा गई, ईडी व ममता आमने-सामने

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद निवासी और बंगाल कोलकाता अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष अरशद खान से बात करने पर उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है और ईडी बेंगाल की शेरनी ममता बनर्जी के सामने मजाक बनकर रह



गया है। बंगाल के बाद झारखंड में भी ईडी ने रेड किया। अमित शाह और भाजपा सरकार पहले सीबीआई का दुरुपयोग किये अब ईडी का डर दिखाकर बंगाल की जनता को क्या संदेश देना चाहते हैं। बंगाल की सरकार को अंतराष्ट्रीय पुरस्कार मिला है, बंगाल के काम पर बंगाल की जनता समझदार है और शिक्षित है यहाँ नफरत नही चलेगा। अरशद खान ने कहा इस बार 20 सीट से अधिक नही भाजपा नही जीतेगी।

## एसडीएम व विधायक ने किया बूथों का निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–2026 के तहत रविवार को विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर मेगा कैम्प खुली बैठकों में नाम जोड़ने और संशोधनों के लिए फॉर्म जमा कराए गए। रविवार को विशेष कैम्प के दौरान विधायक नानपारा राम निवास वर्मा व उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा भाग संख्या 243 व 244 प्राथमिक विद्यालय कोटवा भाग संख्या 218 से 223 श्री शंकर इण्टर कालेज नानपारा व भाग संख्या 126–127 उच्च प्रा0वि0 हाडाबसहरी के बूथों पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। उपरोक्त बूथो के बी0एल0ओ0 सुपरवाइजर व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में बी0एल0ओ0 द्वारा मतदाता सूची पढी गयी। उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने विधानसभा



क्षेत्रो में स्थापित मतदेय स्थलों पर पहुंचकर मतदाताओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने बीएलओ से कहा कि वह शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना सुनिश्चित करे। एसडीएम मोनालिसा जौहरी, विधायक व अन्य पदाधिकारियो की उपस्थिति में बीएलओ ने आलेख्य निर्वाचक नामावली व ए0एस0डी0 की सूची पढ़कर आम जनमानस को सुनाया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान सरलता एवं सुगमता से संपादित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही है। उपजिलाधिकारी नानपारा ने सभी सुपरवाइजरो को अपने अपने क्षेत्रों का अधिकाधिक भ्रमण कर उक्त कार्य को पूर्ण कराए, शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में मदद करें। खुली बैठकों में विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए, सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, क्षेत्रीय लेखपाल, टैक्स कलेक्टर, सेनेटरी इंस्पेक्टर, सफाई नायक, सफाई कर्मी, पार्षद इत्यादि, ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सदस्य, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, बीसी सखी, राशन डीलर, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## प्राचीन राजा के ताल पर चला बाबा का बुलडोजर, अवैध कब्जे जमींदोज

न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश में भू–माफियाओं के खिलाफ योगी सरकार का अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में मैनपुरी जनपद की सदर तहसील स्थित प्राचीन श्राजा के तालश की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जनपद के ऐतिहासिक और प्राचीन श्राजा के तालश की भूमि पर भू–माफिया लंबे समय से अवैध कब्जा कर उसे प्लॉटिंग के जरिए बेचने का प्रयास कर रहे थे। माफियाओं द्वारा तालाब की जमीन को खुर्द–बुर्द करने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। मंत्री जयवीर सिंह के आदेश पर एक्शन इस अवैध कब्जे की शिकायत उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्.ति मंत्री जयवीर सिंह तक पहुँची। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राचीन धरोहरों और तालों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने आदेश दिया कि इस प्राचीन ताल को हर हाल में सुरक्षित और संरक्षित रखा जाए। प्रशासनिक कार्रवाई का विवरण मंत्री के कड़े रुख के बाद एसडीएम सदर के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और राजस्व टीम ने मौके पर पहुँचकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। 35 से अधिक अवैध प्लॉटों की बाउंड्री वॉल और निर्माण को ढहा दिया गया। ताल की जमीन पर बने दो अवैध मकानों को भी बुलडोजर की मदद से खाली कराकर ध्वस्त किया गया। प्राचीन तालाब हमारी धरोहर हैं। राजा के ताल की जमीन पर जो भी अवैध कब्जे हुए हैं, उन्हें पूरी तरह हटाकर भूमि को सुरक्षित किया जाएगा।

## ब्लॉक प्रमुख ने पत्रकारों को किया सम्मानित

### - जैविक खेती और शुद्ध पेयजल के लिए छिड़ी मुहिम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जेपी सिंह के नेतृत्व में आज एक पत्रकार सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जहाँ एक ओर कलम के प्रहरियों का मान बढ़ाया गया, वहीं दूसरी ओर विषमुक्त खेती और शुद्ध पेयजल जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से मंथन किया गया। समारोह को प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी धरती और सेहत दोनों खतरे में हैं। उन्होंने चेताया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग भूमि की उर्वरता को निगल रहा है। उन्होंने किसानों से भावुक अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए जैविक और विषमुक्त खेती को अपनाना अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता है। वहीं बढ़ते कैंसर के मामलों पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त की। उन्होंने दूषित जल को कई जानलेवा बीमारियों की जड़ बताते हुए कहा कि जल की नियमित जांच बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की, कि जल की गुणवत्ता की निरंतर निगरानी की जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके।

### पत्रकार समाज का दर्पण : जेपी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख जे.पी. सिंह ने क्षेत्र के वरिष्ठ और युवा पत्रकारों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी हैं, जो जनहित के मुद्दों को शासन–प्रशासन तक पहुँचाकर समाज में जागरूकता फैलाते हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो मासूमों के सिर से उठा पिता का साया

(संवाददाता) गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के परमेश्वरपुर मोड़ पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई, जबकि परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान बबलू यादव (40) पुत्र रामआशीष यादव, निवासी पायलपार नैनीडीह के रूप में हुई है। वह वर्तमान में संतकबीरनगर जनपद के खलीलाबाद में रहकर रोज़गार करते थे। शुक्रवार रात बबलू यादव बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह परमेश्वरपुर मोड़ के पास पहुंचे, तभी किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क किनारे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। रात अधिक होने और सड़क पर आवाजाही कम होने के कारण घटना की तत्काल जानकारी नहीं हो सकी। शनिवार सुबह जब ग्रामीणों की नजर सड़क किनारे पड़े घायल युवक पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। बताया जा रहा है कि मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। उसके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बबलू यादव अपने पीछे दो मासूम बच्चेकृपवन (8 वर्ष) और परिधि (10 वर्ष)कृको छोड़ गए हैं। घटना के बाद से पत्नी और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है।

## माडलिंग एंड वन डे मेकअप सेमीनार का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। शामली दीपक सैनी के सोजन्य से धूमधाम तरीके से आयोजित किया




सहारनपुर नेशनल हाईवे स्तिथ सहगल होटल में एक दिवसीय मॉडलिंग एंड वन डे मेकअप सेमीनार का आयोजन आराध्या मेक ओवर जडौदा पांडा द्वारा नेहा धीमान, रिया, आयुषी राणा, गया जोकि मॉडल व मेकअप सिर्फ युवतियों के लिए ही आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में देहरादून, शामली, सहारनपुर, मुजफरनगर, दिल्ली सहित अन्य शेहरों से मॉडल कलाकारों व मेकअप आर्टिस शामिल हुए देर शाम तक चले सेमीनार में शामिल हुए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया जिसमे उनको बेहतर प्रदर्शन के लिए आकर्षक पुरुष्कार से सम्मानित किया गया। सेमीनार के आयोजको द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि हमारे द्वारा प्रतिभाओं के लिए भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट दिया जाता है। आयोजित सेमीनार में युवतियां मेकअप करना सीखती है और सिखाती भी है जिसके लिए हम उनको उनकी योग्यता पर पुरुष्कार व सर्टिफिकेट देते है जिससे वह समाज में अपना नाम व काम कर सकती है। मॉडल के लिए हमने कम्पीटिशन रखा है जिससे वह यहां से आगे बढ़कर अच्छे मॉडल बन कामयाबी तक पहुंच सकते हैं। हमारी संस्था द्वारा प्रत्येक तीन माह बाद अलग अलग शेहरों में सेमीनार आयोजित किया जाता है।

## गुमशुदा की तलाश

न्यूज वाणी ब्यूरो



डलमऊ, रायबरेली। गांव का नाम कल्याणपुर बेती मुंबई से अपने घर के लिए निकला लगभग आठ दिन हो गए घर नहीं पहुंचा युवक का नाम मिंटू सैनी पिता का नाम दयाशंकर सैनी मुंबई में प्रशांत शुक्ला की दुकान में काम कर रहा युवक वहां से निकलकर घर के लिए रवाना हुआ तभी 8 दिन हो गए अभी घर नहीं पहुंचा खोज कर बताने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

## विधायक व एसडीएम ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान–2026 के तहत रविवार को नानपारा विधायक राम निवास वर्मा और एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने विभिन्न बूथों (कोटवा, शंकर इंटर कॉलेज और हाडाबसहरी) का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बीएलओ को निर्देश दिए कि मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध और त्रुटिरहित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 6 फरवरी 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन के लिए दावे व आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। निरीक्षण के दौरान बीएलओ ने ग्रामवासियों के सामने मतदाता सूची का पठन भी किया। इस अवसर पर तहसील प्रशासन के अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत ग्राम कटिया में महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति के अंतर्गत रविवार को थाना चौबिया पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम कटिया में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति अभियान के तहत पंपलेट वितरित किए गए तथा महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का समय पर उपयोग कर स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है, साथ ही साइबर अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहने एवं किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान महिलाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा एवं एंबुलेंस 102, 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098,



वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं के विषय में अवगत कराया गया। महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा संदेश दिया गया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है, छात्र एवं छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाना चाहिए। अंत में महिलाओं से अपील की गई कि वे प्राप्त जानकारी को अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं मित्रों के साथ साझा करें, ताकि समाज में अधिक से अधिक लोग जागरूक होकर सुरक्षित और स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकें।

# नेचर वॉक का आयोजन, 34 पौधों व 17 पक्षी प्रजातियों का अवलोकन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के तत्वावधान में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर .षि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय परिसर में आज नेचर वॉक का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं जैव विविधता को समझना रहा। नेचर वॉक का नेतृत्व डॉ. बी. एन. सिंह (बायोलॉजिस्ट, लायन सफारी), डॉ. राजीव चौहान एवं रश्मि पुरवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग कॉलेज के मनीष सहाय ने बताया कि पूर्व में आयोजित नेचर वॉक के सकारात्मक परिणाम अब कॉलेज के छात्र–छात्राओं में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता निरंतर बढ़ रही है। नेचर वॉक में सहभागी दीक्षा यादव ने जानकारी दी कि आज के भ्रमण के दौरान परिसर में 34 पेड़–पौधों की प्रजातियाँ एवं 17 पक्षी प्रजातियाँ देखी गईं, जो क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता को दर्शाती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज स्टाफ के साथ–साथ अर्जुन, मुकेश बाबू, अरुण कुमार, शैलेंद्र, मंजुल चतुर्वेदी, निशा एवं सभी नेचर लवर्स का विशेष योगदान रहा। विषम मौसम परिस्थितियों के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता को लेकर डॉ. राजीव चौहान ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और इसे प्र.ति के प्रति बढ़ते आकर्षण का सकारात्मक संकेत बताया।

# परशुराम सेवा समिति का खिचड़ी भोज कार्यक्रम सम्पन्न



न्यूज वाणी ब्यूरो

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) के तत्वावधान में खिचड़ी भोज कार्यक्रम प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी के आवास चांदनपुर इकदिल में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ आचार्य पं. मनोज कुमार पांडेय द्वारा भगवान श्री परशुराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्जवलित करके विधि पूर्वक से किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट व संचालन प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को एवं राहगीरों को खिचड़ी वितरित की गयी स इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबे, जिला महामंत्री राज तिवारी, सदस्य आशुतोष त्रिपाठी, युवा जिलाध्यक्ष शिवम शुक्ला, आनंद दुबे, दीपक शर्मा, आयुष दुबे सहित समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।




# थाना भरेह क्षेत्र में महिलाओं को सुरक्षा व योजनाओं की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत सोमवार को थाना भरेह पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना भरेह क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया, इस दौरान मिशन शक्ति अभियान के तहत पंपलेट वितरित किए गए। महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का समय पर प्रयोग कर स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है, साथ ही साइबर अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना संबंधित विभाग को देने की अपील की गई। अभियान के दौरान महिलाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा



112, स्वास्थ्य सेवा एवं एंबुलेंस 102, 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विषय में जानकारी प्रदान की गई। महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा संदेश दिया गया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही वास्तविक सुरक्षा है, छात्र–छात्राओं को अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाना चाहिए। अंत में महिलाओं से अपील की गई कि वे प्राप्त जानकारी को अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं मित्रों के साथ साझा करें, ताकि समाज में अधिक से अधिक लोग जागरूक होकर सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकें।

# युवा विकास समिति ने मेवली में असहाय बुजुर्गो को बाटे कंबल

## - कंबल पाकर वृद्धजनों के खिले चेहरे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कड़ाके की ठंड में असहाय व जरूरतमंद वृद्धजनों के चेहरों पर मुस्कान लाने का सराहनीय प्रयास युवा विकास समिति ने किया। मलवां विकास खंड के मेंवली बुजुर्ग गांव में रविवार को आयोजित एक विशेष शिविर में समिति ने तीस असहाय वृद्धजनों को गर्म कंबल वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि हमारी समिति का निरंतर प्रयास रहता है कि समाज के हर जरूरतमंद, विशेषकर असहाय वृद्धजनों तक पहुंचकर उनकी छोटी–छोटी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। ठंड के इस मौसम में ये कंबल उनके लिए न सिर्फ



गर्मी, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। शिविर में समिति के सक्रिय सदस्यों ने व्यक्तिगत रूप से कंबल वितरित किए और वृद्धजनों से उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर सत्यवान मिश्रा, संजय दत्त द्विवेदी, आफताब, मेराज, दीप कुमार, अमित सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। युवा विकास समिति समय–समय पर सामाजिक कार्यों जैसे सफाई अभियान, शिक्षा जागरूकता, विरोध प्रदर्शन और ऐसे ही मानवीय सहायता कार्यक्रमों के माध्यम से जिले में सक्रिय भूमिका निभाती रही है। इस कंबल वितरण कार्यक्रम को स्थानीय लोगों ने बेहद सराहा और ऐसे प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। समिति का यह कदम न केवल ठंड से जूझ रहे वृद्धजनों के लिए राहत लेकर आया, बल्कि समाज में सहानुभूति और सेवा भावना को भी मजबूत करने का संदेश देता है।

# जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने नाम किया रोशन

## - देहरादून में आयोजित चैंपियनशिप में जीते गोल्ड व सिल्वर मेडल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के पांच खिलाड़ियों में से चार खिलाड़ियों अंश यादव ने गोल्ड मेडल, रिचा राजपूत ने सिल्वर मेडल, अनुष्का यादव ने सिल्वर मेडल व मो0 जावेद ने भी सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम देहरादून में रोशन कर दिया।




बताते चलें कि देहरादून में 8 जी इंडिया ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन 16 से 18 जनवरी तक किया गया था। जिसमें जिले के पांच ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने भाग लेकर 1 गोल्ड व 3 सिल्वर मेडल हासिल करते जनपद को गौरवान्वित किया। चैंपियनशिप में टीम कोच राजकुमार ने भी प्रतिभाग किया। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होने बताया कि आगामी 20 जनवरी को सभी खिलाड़ियों का जनपद आगमन पर पुष्पहार पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया जाएगा।

# यात्री प्रतीक्षालय का सदर विधायक ने किया लोकार्पण

## - दस लाख रुपए की लागत से जीटी रोड पर कराया गया निर्माण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लोक निर्माण विभाग



के निरीक्षण भवन के सामने यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रतीक्षालय के बनने से तमाम आने जाने वाले लोगों को अब दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वह इस यात्री प्रतीक्षालय में बैठकर कुछ देर आराम भी कर सकेंगे। इस यात्री प्रतीक्षालय की लागत लगभग दस लाख रुपए है। सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने बताया कि देवरी मोड़ के पास उन्होंने समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के नाम से एक गेट बनवाने का भी संकल्प लिया है। जिसका आज उन्होंने शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश है कि उनकी विधायक निधि से सदर विधानसभा के सभी क्षेत्रों का समुचित विकास हो सके और लोग कह सके कि सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी अपने निधि से सदर विधानसभा के हर गांव व शहर को ध्यान में रखकर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, राहुल लोधी, चौधरी मंजर यार, नफीसउद्दीन, सनी लोधी, एनुल हसन, शंकर सविता, हरीश सविता, उत्तम लोधी, राजा रमीश खान, रविंद्र यादव, विवेक उमराव, साबिर एडवोकेट, बृजेंद्र यादव, सभासद अरुण यादव, शकील गोल्डी, राम लोधी, मनोज लोधी, सुमित साहू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मनरेगा बचाओ योजना : ग्राम दाउदपुर में कांग्रेस का कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विकास खंड महेवा के ग्राम दाउदपुर में मनरेगा बचाओ योजना के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी द्वारा एक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक अध यक्ष कांग्रेस कमेटी महेवा संजीव त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष



दीक्षित उपस्थित रहे। भाजपा सरकार पर कल्याणकारी योजनाओं को कमजोर करने का आरोप मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के किसानों, युवाओं और मजदूरों को गुमराह करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जैसी कल्याणकारी योजना को बदलकर सरकार ग्रामीण मजदूरों को मजबूरी में पलायन कर पुणे जैसे शहरों की ओर जाने के लिए विवश कर रही है। यह सरकार की मजदूर विरोधी नीति को दर्शाता है। गांव–गांव जाकर जनहित की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस रू संजीव त्रिपाठी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजीव त्रिपाठी ने ग्राम दाउदपुर की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकारें योजनाओं के नाम बदलकर विकास में बाध ा उत्पन्न कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ गांव–गांव जाकर संघर्ष करेगी। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सतीश नागर ने कहा कि मनरेगा एक महत्वाकांक्षी योजना थी, जिसे किसानों, दिहाड़ी मजदूरों तथा लघु एवं सीमांत किसानों के हित में बनाया गया था, लेकिन भाजपा सरकार द्वारा नाम बदलने और परियोजनाओं में बदलाव से ग्रामीण मजदूरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

# बेटी की शादी की चिंता में डूबे परिवार के लिए देवदूत बने रोमी साहनी

## – कन्यादान की ली पूरी जिम्मेदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। राजनीति में अक्सर सत्ता और प्रभाव की बातें होती हैं, लेकिन पलिया विधायक रोमी साहनी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे जनता के प्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि उनके



सुख–दुख के साथी भी हैं। ग्राम जगनपुरवा में जब एक परिवार अपने मुखिया को खोने के बाद गहरे अंधेरे में था, तब विधायक ने न केवल उन्हें ढांढस बंधाया, बल्कि पिता की भूमिका निभाने का संकल्प लेकर सबको भावुक कर दिया। दुखों के पहाड़ के बीच जगी उम्मीद की किरण ग्राम जगनपुरवा निवासी राजेश भार्गव (पुत्र स्वर्गीय बृजलाल) के असामयिक निधन ने उनके परिवार को झकझोर कर रख दिया है। घर में कोई कमाने वाला सदस्य नहीं बचा, और उससे भी बड़ी चिंता आगामी अप्रैल माह में होने वाली बेटी वर्षा देवी की शादी की थी। आर्थिक तंगी और मुखिया के जाने के गम में डूबे परिवार की सुध लेने खुद विधायक रोमी साहनी उनके घर पहुंचे। विधायक ने कहा मैं हूँ तुम्हारा पिता शोक संतप्त परिवार के बीच पहुंचकर विधायक काफी भावुक नजर आए। उन्होंने रोते हुए बच्चों के सिर पर हाथ रखा और गरजते हुए नहीं, बल्कि एक अभिभावक की तरह संवेदना जताते हुए कहा तुम्हारे पिता नहीं रहे अब तुम्हारा पिता मैं हूँ। घबराने की जरूरत नहीं है, जब तक मैं हूँ, तुम खुद को अकेला मत समझना। आर्थिक सहायता और शादी का संकल्प विधायक ने केवल सांत्वना ही नहीं दी, बल्कि मौके पर ही बिटिया वर्षा को 25,000 की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने पूरे गांव के सामने यह भरोसा दिलाया कि अप्रैल में होने वाली बेटी की शादी में किसी भी चीज की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शादी का सारा खर्च और व्यवस्थाएं उनकी जिम्मेदारी होंगी। क्षेत्र में चौतरफा सराहना रोमी साहनी के इस मानवीय कदम की पूरे लखीमपुर खीरी और क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि दुख की घड़ी में जब अपने पीछे हट जाते हैं, तब एक विधायक का इस तरह पिता बनकर खड़े होना राजनीति से ऊपर मानवता की एक मिसाल है।



# अस्ती प्रीमियर लीग का बसपा नेता ने किया शुभारंभ

## – अस्ती व आबूनगर के बीच हुआ पहला मैच

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका क्षेत्र के अस्ती वार्ड में रविवार को अस्ती प्रीमियर लीग (एपीएल) का विधिवत शुभारंभ हो गया। बसपा नेता एवं एडवोकेट मोहम्मद आसिफ ने टूर्नामेंट का रिबन काटकर



उद्घाटन किया। क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट का पहला रोमांचक मुकाबला अस्ती और आबूनगर टीमों के बीच खेला गया। उद्घाटन समारोह में बसपा नगर अध्यक्ष गाजी अब्दुल रहमान गनी, जर्रार अहमद नीलू गौतम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों उसैद, कामरान, आमिर, सुहैल, ज़िशान, शहबाज, अयान ने इस लीग को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह टूर्नामेंट स्थानीय युवाओं को क्रिकेट के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार मंच प्रदान कर रहा है। एपीएल न सिर्फ खेल का उत्सव है, बल्कि सामुदायिक एकता और युवा ऊर्जा का प्रतीक भी बनकर उभर रहा है। फतेहपुर के क्रिकेट प्रेमी अब हर मैच के साथ जुड़े रहेंगे।

# 2364 बूथों पर मतदाता सूची का वाचन, डीएम ने लिया जायजा

## - त्रुटि या छूटे हुए मतदाता निर्धारित तिथियों में भरें फार्म : रविन्द्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के क्रम में जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जनपद की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित कुल 2364 मतदेय स्थलों पर आलेख्य मतदाता सूची का वाचन किया गया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा सदर के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज में चल रहे मतदाता सूची वाचन कार्यक्रम का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों व बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटने न पाए, इसके लिए पूरी संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने आम जनमानस को जानकारी देते हुए बताया कि अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी 2026 को किया जा चुका है। इसी क्रम में 18 जनवरी 2026 को समस्त बीएलओ अपने–अपने बूथों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची का वाचन कर रहे हैं। इस दौरान जनपद के अधिकारी सतत भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी मतदेय स्थलों पर फार्म–6, फार्म–7, फार्म–8 एवं घोषणा पत्र पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना की जा रही है, ताकि पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने अथवा आपत्ति दर्ज कराने में आसानी हो। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान की अगली तिथियां 31 जनवरी शनिवार एवं एक फरवरी रविवार निर्धारित की गई हैं। इन विशेष अभियान दिवसों पर पदाभिहित स्थलों पर बीएलओ के साथ आवश्यक स्टाफ एवं पदाभिहित अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने बताया कि फार्म–6 भरते समय नाम, पता एवं वर्तनी की



शुद्ध प्रविष्टियां सुनिश्चित कराई जा रही हैं। इसके पश्चात बीएलओ द्वारा बीएलओ ऐप के माध्यम से फार्म अपलोड किया जा रहा है। ऐप पर फोटो सत्यापन की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके अंतर्गत जिन आवेदकों की फोटो उपलब्ध नहीं है अथवा धुंधली (ब्लर) है, वहां नवीनतम एवं स्पष्ट फोटो अपलोड की जाएगी। इसके अतिरिक्त मतदाता ऑनलाइन माध्यम से भी निर्वाचन आयोग के ईसीआईएनईटी मोबाइल एप एवं वेबसाइट के जरिए फार्म–6, फार्म–7, फार्म–8 एवं घोषणा पत्र सबमिट कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की कि वे समय रहते मतदाता सूची का अवलोकन कर लें और किसी भी प्रकार की त्रुटि, छूट या आपत्ति होने पर निर्धारित तिथियों में आवश्यक फार्म भरकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार को सुकृढ़ बनाएं।

# मौनी अमावस्या पर्व पर भक्तों ने किया स्नान

## – गंगा में स्नान करने से पापों का होता नाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। क्षेत्र के नौबस्ता गंगा घाट पर रविवार को मौनी अमावस्या पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। तड़के भोर से ही श्रद्धालुओं का गंगा घाट पर पहुंचना शुरू हो गया। दूर–दराज के गांवों से आए महिला–पुरुषों ने पवित्र गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मान्यता के अनुसार मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान से समस्त पापों का नाश होता है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। गंगा स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने गरीबों और जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र व दक्षिणा का दान किया। घाट पर हर–हर गंगे और जय मां गंगे के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नौबस्ता स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे, जहां विधि–विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। भक्तों ने गंगाजल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव से परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में दिन भर पूजा–अर्चना और भजन–कीर्तन का दौर चलता रहा। स्थानीय पुरोहित पंडित परमेष्वर प्रसाद तिवारी के अनुसार मौनी अमावस्या पर मौन रहकर स्नान और दान करने का विशेष महत्व है। कई श्रद्धालुओं ने मौन व्रत रखकर पूजा–अर्चना की। पर्व के अवसर पर घाट और मंदिर परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था भी की गई थी। शाम होते–होते श्रद्धालुओं का लौटना शुरू हुआ।

# गांव-गांव भारत माता दिवस मनाएगा भारतीय किसान संघ

## – ग्रामीणों की समस्याओं को एक पाती सरकार की के जरिए सीएम को भेजने का निर्णय



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान संघ जिला कार्यकारिणी की एक बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी छब्बीस जनवरी को गांव–गांव भारत माता दिवस मनाया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीणों की समस्याओं को एक पाती सरकार की कार्यक्रम के जरिए मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

रविवार को भारतीय किसान संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक व सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पदाधिकारियों ने शिरकत की। जिलाध्यक्ष शिवप्रकाश सिंह ने बताया कि जनवरी माह में होने वाले कार्यक्रम भारत माता दिवस को लेकर तैयारियां कर ली गई हैं। 26 जनवरी को गांव–गांव जाकर भारत माता दिवस मनाया जाएगा। साथ ही सभी कार्यकर्ता ग्रामीणों की समस्याओं को एकत्र करके एक पाती सरकार की कार्यक्रम के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजने का काम करेंगे। ब्लाक भिटौरा, असोथर व विजयीपुर में जल्द से जल्द प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराने की भी जानकारी दी। संगठन विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, जिला मंत्री राजकरण सिंह, प्रवेन्द्र श्रीवास्तव, जैविक प्रमुख कुश बाजपेई, मुन्ना लाल मौर्य के अलावा सभी ब्लाकों के अध्यक्ष, मंत्री सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में निर्णय लिया गया कि बाइस फरवरी को अगली बैठक आयोजित की जाएगी।

# खुलासा : समलैंगिक संबंधों में रोड़ा बनने पर कराई थी पति की हत्या

## – दो महिलाओं समेत एक सहयोगी गिरफ्तार, दो फरार

## – फरार अभियुक्तों की तलाश में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पत्नी ने अपनी प्रेमिका के सहयोग से पति की 60 हजार की सुपारी देकर हत्या करा दी थी। समलैंगिक संबंधों पर पति



रोड़ा बन रहा था, इसलिए उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई और उसी योजना के तहत घटना को अंजाम दिया। जिले के असोथर थाना क्षेत्र के टीकर गांव में सुमेर हत्याकांड का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या प्रेम संबंधों के चलते कराई गई। गौरतलब है कि मृतक की पत्नी रेनू देवी और उसके पड़ोस में रहने वाली मालती देवी उर्फ बुद्धी पत्नी रामस्वरूप के बीच डेढ़ साल से प्रेम संबंध था। मालती ने इससे पहले तीन शादियां की थी। वर्तमान में वह किसी भी पति के साथ में नहीं रहती, बल्कि अपने 09 साल के एक बच्चे के साथ रहती थी। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को गिरतार कर जेल भेज दिया है है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मालती और रेनू दोनों साथ रहना चाहती थीं। जैसे ही मृतक सुमेर को इस बात की जानकारी लगी तो उसने मिलने–जुलने पर रोक लगा दी। दोनों से बर्दाश्त नहीं हुआ और दोनों ने मिलकर सुमेर की हत्या की साजिश रची और ट्यूबवेल में मरवा दिया। आरोप है कि मृतक की पत्नी रेनू ने अपने करीबी जितेन्द्र गुप्ता उर्फ जिद्दी ई–रिक्शा चालक ने इस खेल को अंजाम देने के लिए राजू व रामप्रकाश को 60 हजार रुपये में हत्या की सुपारी दी थी। एसपी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि शूटरों जितेन्द्र गुप्ता उर्फ जिद्दी ने अपने सहयोगियों राम प्रकाश उर्फ मद्दू, राजू निवासीगण बहरामपुर थाना थरियांव को शामिल किया। योजनानुसार पांचों लोग निश्चित समय पर मृतक के नलकूप पहुंचे और रस्सी से गला दबाकर चाकू से गला रेत दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। असोथर पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से मामले में मालती देवी, रेनू देवी और शूटर राजू सोनकर को गिरतार कर जेल भेज दिया है, जबकि दो अन्य आरोपी जितेंद्र गुप्ता, रामप्रकाश उर्फ मद्दू फरार हैं। उनकी गिरतारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्दी ही फरार आरोपियों को गिरतार कर जेल भेजा जाएगा।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री ने ग्रामीणों की सुनीं समस्या

## - कृषक-श्रमिक चौपाल का मड़ौली में हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विकास खंड विजयीपुर के ग्राम पंचायत मड़ौली में प्रधान के नेतृत्व में जनजागरण अभियान के अंतर्गत .षक–श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों एवं श्रमिकों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं



की जानकारी देना तथा उन्हें लाभान्वित करना रहा। चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति उपस्थित रहीं। उनके साथ विधायक .ष्णा पासवान, जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, भाजपा की विजयीपुर मंडल अध्यक्ष प्रीती सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य खखरेरू हिमांशु त्रिपाठी सहित विजयीपुर ब्लॉक के सभी ग्राम प्रधानों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि सरकार किसानों और श्रमिकों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और मनरेगा जैसी योजनाएं ग्रामीण जनजीवन को मजबूती प्रदान कर रही हैं। विधायक .ष्णा पासवान ने क्षेत्रीय विकास और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने संगठनात्मक एकता पर बल देते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान का आष्वासन दिया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में किसान, श्रमिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पहाड़पुर गांव में भी लोगो की समस्या सुनी गई। इस दौरान राजीव त्रिवेदी, नरेंद्र कच्छवाह, प्रमोद त्रिवेदी, महेंद्र पाल मौजूद रहे।

# भक्ति उम्र की मोहताज नहीं : व्यास जी महाराज

## - श्रीमद भागवत महापुराण कथा का रहा चौथा दिन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन कथा पंडाल भक्ति व श्रद्धा से सराबोर रहा। कथा व्यास ने अपने प्रवचन में कहा कि भक्ति किसी उम्र की सीमा तय नहीं करती। आज के समय में लोग यह कहते हैं कि बुढ़ापे में भजन करेंगे, लेकिन क्या भक्ति के लिए बुढ़ापे का इंतज़ार आवश्यक है शास्त्रों के उदाहरण इस सोच को पूरी तरह नकारते हैं। कथा व्यास ने भक्त प्रह्लाद का उदाहरण देते हुए कहा कि वे मात्र सात वर्ष की आयु में भक्ति के महान आचार्य बने, वहीं केवल पांच वर्ष की उम्र में ध्रुव जी ने कठोर तपस्या कर भगवान के साक्षात दर्शन किए। इससे यह स्पष्ट होता है कि सच्ची भक्ति का संबंध उम्र से नहीं, बल्कि श्रद्धा, विष्वास और निष्ठा से है। चौथे दिन की कथा के दौरान श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्री.ष्ण जन्मोत्सव को भव्य एवं धूमधाम से मनाया गया। भजन–कीर्तन, जयघोष और भक्तों के उल्लास से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर प्रभु जन्म की झांकी के दर्शन किए और कथा का रसपान किया। कथा व्यास ने कहा कि यदि बाल्यकाल से ही मनुष्य के जीवन में भक्ति का संस्कार पड़ जाए, तो उसका जीवन धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर स्वतः अग्रसर हो जाता है। इस अवसर पर परीक्षित श्रवण कुमार पत्नी शिव देवी एवं महावीर सिंह पत्नी राजकुमारी सहित सनातन धर्म रक्षा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चक्रेश महाराज, प्रदेश सचिव शिवकुमार पाठक, जिला प्रभारी



अमर सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष विवेक सिंह, रोहित कुमार, सुनील शुक्ल, आशीष ठाकुर, शिवम तोमर, नीरज पाल, विकाश सिंह, सतेंद्रदत्त अग्निहोत्री, राहुल सिंह, देवशरण निषाद, गिरीश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, राजू निषाद, प्यारे निषाद सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, संत–महात्मा एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संवेदना सेवा न्यास की श्रीरामकथा के लिए हुआ भूमि पूजन

## – दो फरवरी से श्रीराम कथा का होगा शुभारंभ, 10 को होगा समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। संवेदना न्यास, श्रीराम कथा आयोजन समिति द्वारा दो



फ़रवरी से दस फरवरी तक प्रायोजित श्री शांतनु जी महाराज द्वारा कही जाने वाली श्रीराम कथा का भूमि पूजन विधि विधान के साथ हुआ। संवेदना सेवा न्यास के संस्थापक पंकज सिंह ने बताया कि संवेदना सेवा न्यास द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न कराया जा रहा है। जिसमें पंडित शान्तनु जी महाराज अपने मुखारबिंदों से श्रीराम कथा का प्रवचन करेंगे। श्रीराम कथा आयोजन समिति के संयोजक स्वरूपराज सिंह जूली ने बताया कि श्रीराम कथा दो फरवरी से दस फरवरी तक चलेगी जिसमें सभी भक्त धर्म लाभ लें। भूमिपूजन में पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, श्री राम कथा समिति के अध्यक्ष अनुराग त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, आशीष मिश्रा, प्रमोद द्विवेदी, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, अदीप सिंह, अपर्णा सिंह गौतम, रीता सिंह तोमर, कल्पना सिंह, राकेश श्रीवास्तव, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह, महेश सिंह चौहान, अशोक तपस्वी, प्रदीप गर्ग, शैलेंद्र शरन सिंपल, राम प्रताप सिंह गौतम, धनंजय द्विवेदी, अनूप अग्रवाल, विनय तिवारी, विनोद सिंह चंदेल, विक्रम सिंह चंदेल, विनीत श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह भदौरिया, संजय श्रीवास्तव, रामस्वरूप गुप्ता, सुधांशु श्रीवास्तव ऋतिक पाल मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने तीन को रौंदा, दो की मौत

## - सड़क पार करते समय हुआ हादसा, सिलबट्टे बनाने का करते थे काम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मुरादीपुर पुल के आगे



प्रयागराज कानपुर लेन पर जीटी रोड हाइवे पर एक तेज रतार स्कार्पियो ने सड़क पार कर रहे तीन लोगों को रौंद डाला जिससे दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल को उपचार के लिए गोपालगंज पीएचसी भिजवाया गया। जहां से उसे सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने स्कार्पियो को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग निवासी राजकिषोर राजकिशोर पुत्र मुन्नूलाल 48 वर्ष, कल्लो पत्नी चंद्रशेखर 45 वर्ष, लक्ष्मी पत्नी सुरेश 42 वर्ष, सोमवती पत्नी धर्मनारायण 40 वर्ष, बलुआ पत्नी राजकिशोर 46 वर्ष, सुरेश पुत्र मन्ना निवासी विनोबनगर थाना राधानगर रविवार को रायबरेली जनपद के बछरावां कस्बे से वापस आ रहे थे। जब यह लोग कल्यानपुर थाने के मुरादीपुर पुल के आगे नेषनल हाईवे पर पहुंचे तभी हाईवे पार करने लगे। हाईवे से गुजर रही स्कॉर्पियो ने राजकिषोर, कल्लो व सुरेष को रौंद दिया। जिससे राजकिशोर व कल्लो की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सुरेश को गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद राहगीरों का जमावड़ा लग गया और घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। घायल को एंबुलेंस की सहायता से पीएचसी गोपालगंज भिजवाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने स्कॉर्पियो को कब्जे में लिया है। घटना की जानकारी मिलने पर मृतकों के परिजन मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार ने बताया कि पंचायतनामा व अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# परीक्षा के तनाव को योग से करें कम : गिरीश

## - जनता के जनादेश को नकारना विपक्ष का काम : साध्वी

## - महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसे उपस्थित लोगों ने जमकर सराहा। वार्षिकोत्सव समारोह में महर्षि ग्रुप के अध्यक्ष गिरीश, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री साध



वी निरंजन ज्योति, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने शिरकत की। दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किया। समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष गिरीश ने छात्र–छात्राओं को परीक्षा में तनाव न लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि योग और अध्यात्म के जरिए तनाव को काम किया जा सकता है वही उनके साथ कार्यक्रम में मौजूद पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने भी बच्चों को परीक्षा में सही तरीके से तैयारी और अभिभावकों को बच्चों के ऊपर अनायास दबाव न बनाने की सलाह दी। इसके साथी ही पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री ने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर भी विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जनता के जनादेश को नकारने की विपक्ष की आदत हो गई है। जनता ने जो जनादेश दिया है उसे स्वीकार करना चाहिए। हमारे देश के संविधान में भी जनादेश को स्वीकारने की बात कही गई है, लेकिन विपक्ष मुद्दा विहीन है और ऐसे मामलों में गलत बयान बाजी कर रहा है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, भिटौरा ब्लाक प्रमुख अमित तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा आशीष मिश्रा, पूर्व विधायक करन सिंह पटेल, डा. अनुराग श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )